● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 217, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 19 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



संकटों की ताकत नहीं, जो भारत को मिटा सके 5

कुलदीप पहली बार खेल सकते हैं लगातार 5 टेस्ट 6

## जनजाति संस्कृति को संरक्षित रखने कलाकारों का योगदान महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति

**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज इंदौर प्रवास के दौरान मृगनयनी एंपोरियम में बुनकरों द्वारा हाथकरघा पर तैयार की गई रेशम एवं कॉटन की चंदेरी, महेश्वरी साड़ियों को देखा। इस दौरान उन्होंने जनजातीय क्षेत्र के हस्तशिल्पी, बुनकरों एवं जनजाति कारीगरों से रूबरू चर्चा की और उनकी कला को सराहा। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को कलाकारों ने अपने हाथों से निर्मित हस्तशिल्प भेंट भी किया। यह सभी कलाकार अपनी विधा में पारंगत हैं और राष्ट्रीय स्तर पर इनकी एक अलग ही पहचान है। राष्ट्रपति से मुलाकात को लेकर सभी कलाकार बहुत उत्साहित थे और उनसे मिलकर बहुत खुश हुए कि उन्हें देश के सर्वोच्च पद पर आसीन श्रीमती मुर्मु से रु-ब-रु मिलने व चर्चा करने का अवसर मिला। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ.



मोहन यादव तथा लघु उद्योग निगम के प्रबंध संचालक एवं सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने शिल्पकारों से चर्चा के दौरान कहा कि हमारी पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को संजो कर संरक्षित रखने की जरूरत है। यहाँ के शिल्पकार इसमें अच्छा योगदान दे रहे हैं। इन्हें प्रोत्साहन देने की जरूरत है, जिससे इन्हें रोजगार के अवसर मिल सकें। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने शिल्पकारों के आग्रह पर उनके साथ तस्वीर भी खिंचवाई।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने धार जिले के कारीगर श्री मुबारिक खत्री से चर्चा के दौरान उनकी कला बाग प्रिन्ट के बारे में जानकारी ली और पूछा कि वे कब से यह काम कर रहे हैं। कारीगर मुबारिक खत्री ने बताया कि उनकी 11 पीढ़ियों से बाग प्रिंट का कार्य किया जा रहा है। वे अपनी इस कला को आने वाली पीढ़ियों को भी सिखा रहे हैं। उन्होंने कॉटन के कपड़े पर बाग प्रिंट कैसे किया जा सकता है, यह करके भी दिखाया। उन्होंने बताया कि अब बांस एवं सिल्क की साड़ियों पर भी बाग प्रिंट किया जाता है।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को खरगोन जिले के महेश्वर के बुनकर श्री अलाउद्दीन अंसारी ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हथकरघा साड़ी के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नर्मदा नदी में दोपहर के समय सूर्य की जो किरणें पड़ती हैं और उनसे नदी में जो लहरें चमकती हैं, उन्हीं लहरों का प्रिंट हथकरघा साड़ियों की बॉर्डर पर उतारा जाता है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु इस कलाकारी से बहुत प्रभावित हुई और उन्होंने पूछा कि वे यह काम कब से कर रहे हैं। श्री अंसारी ने बताया कि उनका परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी यह कार्य कर रहा है। वर्तमान समय में वे अपने इस कार्य से 300 से अधिक लोगों को रोजगार दे रहे हैं, जिसमें 70 महिलाएं शामिल हैं।

वर्तमान में भोपाल निवासी एवं मूलतः डिंडोरी की निवासी गोंड भित्तिचित्र की कलाकार पदमश्री श्रीमती दुर्गाबाई श्याम की कला को देखकर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु बहुत प्रभावित हुई और सराहना की। उन्होंने कहा दुर्गाबाई संस्कृति एवं कला को जीवित रखने और उसे आगे बढ़ाने के लिये कार्य कर रही हैं। पद्मश्री दुर्गा बाई ने बताया कि वे बच्चों को इस कला को सीखा रही है और एक संस्था के माध्यम से अन्य लोगों को भी निःशुल्क इस कला का प्रशिक्षण दे रही है।

## वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव कैबिनेट में मंजूर

### नवंबर-दिसंबर में बिल आएगा, विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ होंगे, अगले 100 दिन में निकाय चुनाव

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा।

कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं।



17 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेगी। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है। सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए। हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एकसाथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।

## डॉक्टरों का हड़ताल खत्म करने से इनकार

### ममता बनर्जी से फिर मीटिंग की मांग की, कहा-आधी जीत हुई

**कोलकाता।** कोलकाता के जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने ममता से एक और मीटिंग की मांग करते हुए चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत को ईमेल भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अभी तक सभी मांगें नहीं मानी गई हैं।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार से पुलिस कमिश्नर और हेल्थे सेक्रेटरी को हटाने समेत 5 मांगें की थीं। इसके लिए वे 40 दिन से लगातार प्रदर्शन



कर रहे हैं।

16 सितंबर को जूनियर डॉक्टर और ममता के बीच मीटिंग हुई थी। इसमें ममता ने डॉक्टरों की 5 में से 3 मांगें मान ली थीं। उन्होंने मंगलवार को पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटाया था। उनकी जगह मनोज वर्मा को कमिश्नर बनाया गया। बुधवार सुबह प्रदर्शन जारी रखते हुए डॉक्टरों ने कहा- अभी आधी जीत हुई। हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम का इस्तीफा जरूरी है। अस्पतालों में थ्रेट कल्चर खत्म करने की मांग भी अभी नहीं मानी गई है। इसलिए छ्रू से एक और मीटिंग की मांग की है। मनोज पंत को लिखे मेल में डॉक्टरों ने कहा- पिछली बैठक में हमारी मांगों के चौथे और पांचवें पॉइंट पर चर्चा पूरी नहीं हो पाई थी, जो अस्पतालों की सुरक्षा से जुड़े हुए हैं। छ्रू ने टास्क फोर्स बनाने की बात कही थी।

## महाराष्ट्र के भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान पथराव

**मुंबई।** गणेश विसर्जन के दौरान महाराष्ट्र और राजस्थान में विवाद शुरू हो गया है। महाराष्ट्र के भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान रैली पर पथराव किया गया। इसके बाद लोगों ने पत्थरबाजों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विसर्जन रोक दिया है।

राजस्थान के भीलवाड़ा में गणेश मूर्ति विसर्जित किए जाने के बाद पंडाल में जानवरों के अंग मिले। इसके बाद लोगों ने प्रदर्शन किया। भीलवाड़ा के शाहपुरा इलाके में स्कूल और बाजार बंद कर दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में पहले फेज की वोटिंग खत्म

### शाम 5 बजे तक 58.19 फीसदी मतदान, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77.23 फीसदी वोट पड़े

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहले फेज के लिए बुधवार शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हुई। आज 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान किया गया। शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत 58.19% रहा। फाइनल आंकड़ा आना बाकी है।

शाम 5 बजे तक आए आंकड़ों के मुताबिक, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77.23% और पुलवामा में सबसे कम 43.87% वोटिंग हुई। आज 23.27 लाख वोटर्स को मतदान करना था।

बिजबिहाड़ा विधानसभा सीट से पीडीपी की प्रत्याशी इल्तिजा मुफ्ती ने वोट डाला, वे पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी हैं। किश्तवाड़ से बीजेपी की कैंडिडेट शगुन परिहार ने भी वोट डाला।

शगुन ने आरोप लगाया था कि किश्तवाड़ के बागवान मोहल्ले में बिना पहचान पत्र के वोट डलवाए गए। इसके बाद माहौल गर्म हो गया, जिसके चलते कुछ देर वोटिंग रुकी रही।

पहले फेज की वोटिंग को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 35 हजार से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने भी वोट डाले। उनके लिए कुल 24 स्पेशल बूथ बनाए गए थे। दिल्ली 4, जम्मू 19 और उधमपुर में 1 बूथ था। 2014 में पहले फेज में 22 सीटें पर हुई थी वोटिंग साल 2014 के विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में दक्षिण कश्मीर की 22 सीटों पर चुनाव हुए थे।

तब 11 सीटों पर महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी को जीत मिली थी। भाजपा और कांग्रेस ने 4-4 सीटें जीती थीं। वहीं फारूक अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस को 2 और सीपीआई (एम) को एक सीट मिली थी।

## बेंगलुरु में शख्स ने कंपनी के 50 लैपटॉप बेचे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने मंगलवार को टेक्नीकलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में काम करने वाले 29 साल के मुरुगेश एम को गिरफ्तार किया है। वह कंपनी में सिस्टम एडमिन था। पुलिस ने बताया कि उसने फर्म से 50 लैपटॉप चुराए और उन्हें सस्ते दामों पर बेच दिया। उसे अरेस्ट कर लिया गया है। मुरुगेश एम तमिलनाडु के होसुर का रहने वाला है। कोविड के समय उसने टमाटर की खेती की थी। इसमें उसे 25 लाख रुपए का घाटा हुआ था। इसका कर्ज चुकाने के लिए उसने लैपटॉप चुराए।

## आतिशी 21 सितंबर को शपथ ले सकती हैं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंजूरी के लिए भेज दिया। साथ ही उन्होंने नई मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण के लिए 21 सितंबर की तारीख का प्रस्ताव भी राष्ट्रपति को भेजा है।

इधर, मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके अरविंद केजरीवाल अपना सरकारी आवास छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि हमने सुरक्षा को लेकर उनसे कहा कि सरकारी आवास ना छोड़ें, लेकिन वे नहीं माने।

एक दिन पहले 17 सितंबर को आप विधायक दल की मीटिंग में आतिशी को मुख्यमंत्री चुना गया था। इसके बाद केजरीवाल ने शाम को स्न विनय सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। आप के संजय सिंह ने कहा, केजरीवाल अपनी सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ने जा रहे हैं। हम लोगों को चिंता है। केजरीवाल पर कई बार हमले हो चुके हैं। जब उनके माता-पिता घर में थे, तब भी उन पर हमला हुआ है। अभी यह तय नहीं हुआ है कि केजरीवाल कहां रहेंगे। उन्होंने कहा है कि वे जनता के बीच रहेंगे, जगह अभी तय नहीं है।

## लेबनान में अब वॉकी-टॉकी में ब्लास्ट, 3 की मौत

**बेरूत।** लेबनान में मंगलवार को पेजर में हुए धमाकों के बाद अब वॉकी-टॉकी में विस्फोट हुए हैं। अलजजीरा के मुताबिक, इस हमले में अब तक 3 लोगों की मौत हुई है, वहीं सैकड़ों घायल हुए हैं। राजधानी बेरूत के कई इलाकों में धमाकों की जानकारी सामने आई है। इनमें से एक धमाका हिजबुल्लाह सांसद अली अम्मार के बेटे के अंतिम संस्कार के समय हुआ। वह 17 सितंबर को पेजर में हुए धमाके में मारा गया था। लेबनान में हिजबुल्लाह के लड़ाके एक-दूसरे से बातचीत के लिए इन वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करते हैं।

मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच लेबनान में यह दूसरा बड़ा तकनीकी हमला है। इससे पहले ब्रिटिश न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने हिजबलुल्लाह के 5000 पेजर्स में विस्फोटक लगाए थे।

ये पेजर्स कोड की मदद से ऑपरेट होते हैं। इन्हें इस साल की शुरुआत में लेबनान भेजा गया। मंगलवार को इन पेजर्स पर एक मैसेज आया जिसने विस्फोटक को एक्टिवेट कर दिया। हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में हिजबुल्लाह के 8 सदस्य और 2 बच्चे शामिल है। इस हमले में 3000 से ज्यादा घायल हुए हैं। इनमें लेबनान में मौजूद ईरान के राजदूत भी शामिल हैं।

लेबनान की सुरक्षा अधिकारियों ने कहा है कि आज जिन वॉकी-टॉकी में धमाका हुआ, उन्हें हिजबुल्लाह ने 5 महीने पहले पेजर्स के साथ ही खरीदा था। हिजबुल्लाह ने इन धमाकों के लिए भी इजराइल पर आरोप लगाया है

पेजर में धमाके के मामले में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह गुरुवार यानी 19 सितंबर को शाम साढ़े 7 बजे पहला संबोधन देंगे। इससे पहले मंगलवार को हिजबुल्लाह ने कहा था कि इस हमले से इजराइल के खिलाफ उनकी लड़ाई को और ताकत मिली है।

लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी ने कहा है कि घायलों के इलाज के लिए इराक ने मेडिकल सप्लाई लेकर एक प्लेन बेरूत पहुंचा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल सहायता मिलने की पुष्टि की है।

रॉयटर्स समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने 5000 पेजर्स में विस्फोटक लगाए थे।

## यूक्रेन का रूस के हथियार डिपो पर ड्रोन हमला

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के हथियार डिपो पर बड़ा ड्रोन हमला किया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने यूक्रेन की स्टेट सिक्योरिटी सर्विस के हवाले से बताया कि रूस के त्वेर क्षेत्र में यह हमला किया। यहां कई मिसाइलें, बम और गोला-बारूद तबाह हो गए। अलजजीरा के मुताबिक, ड्रोन हमले से टोरोपेट्स शहर में रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रमुख हथियार डिपो में बड़ा धमाका हुआ। इसमें इस्कंदर मिसाइल सिस्टम के लिए बैलिस्टिक मिसाइलें रखी हुई थीं। इसके अलावा यहां तोचका-टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम और कई गाइडेड बम मौजूद थे। बीबीसी ने बताया कि हमले के बाद 6 किमी के इलाके में आग लग गई। इस दौरान भूकंप के हलके झटके भी महसूस किए गए। यूक्रेन के एक अधिकारी ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि जहां ड्रोन अटैक हुआ, वहां रूस के अपने हथियारों के अलावा नॉर्थ कोरिया से मिली मिसाइलें भी मौजूद थीं। रूस का दावा- यूक्रेन के 54 ड्रोन्स मार गिराए यूक्रेन की इंटेलिजेंस और स्पेशल ऑपरेशन फोर्स ने मिलकर इस हमले को अंजाम दिया।

## राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच, कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच देने वाले भाजपा और सहयोगी दल के नेताओं के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से शिकायत की। कांग्रेस नेता अजय माकन ने तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू समेत 4 नेताओं की शिकायत की। माकन ने कहा- जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, इसलिए कुछ लोग देश की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने दिल्ली, मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।

उधर, कांग्रेस के विरोध के बीच राहुल के खिलाफ भाजपा और उसके एक अन्य सहयोगी नेता ने फिर बयान दिया।

## उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में बाढ़ जैसे हालात

नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की वजह से 21 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। यमुना, घाघरा, शारदा, सरयू नदी खतरे के निशान को पार कर गई हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने से रामघाट डूब गया है। वाराणसी में गंगा खतरे के निशान से सिर्फ 44 सेमी दूर हैं। प्रयागराज, मिर्जापुर और इटावा में 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

इधर, नेपाल में तेज बारिश के कारण बिहार की नदियां भी उफान पर हैं। पटना में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर दियारा इलाके के 76 स्कूलों को 21 सिंतबर तक बंद कर दिया है।

पश्चिम बंगाल के बीरभूम, बांकुरा, हावड़ा, हुगली, नॉर्थ-साउथ 24 परगना, ईस्ट-वेस्ट मेदिनीपुर, वेस्ट बर्धमान जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। राज्य में 24 घंटे में 2 लोगों की मौत भी हुई। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 13 राज्यों में अलर्ट मध्य प्रदेश में मंगलवार को 24 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। राज्य में मानसून सीजन में अब तक 41 इंच बारिश हुई, जो नॉर्मल बारिश से 10% ज्यादा है। मौसम विभाग ने बताया कि राजस्थान के 22 जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा मध्य प्रदेश, हरियाणा समेत 13 राज्यों तेज बारिश का अनुमान है।

पश्चिम बंगाल के डैम फुल, कई इलाकों मे अलर्ट पश्चिम बंगाल के 9 जिलों में बाढ़ के कारण कई डेम और बैराज से पानी छोड़ा गया है। दुर्गापुर बैराज से 1 लाख 33 हजार क्यूसेक, कांगसाबती बांध से 40 हजार क्यूसेक, मैथन बांध से 2 लाख क्यूसेक और पंचेत बांध से 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। डैम के आसापास के इलाकों को अलर्ट पर रखा गया है।

## लघु व्यवसायियों को ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध करवाएं सुविधाएं : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छोटे, घरेलू उद्योगों से जुड़े लघु व्यवसायियों को उनके उत्पाद के ऑनलाइन विक्रय की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग प्रयास बढ़ाए। अपने पोर्टल के विकास के साथ कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग लघु और सूक्ष्म उद्योगों का संचालन करने वाले व्यवसायियों की उन्नति के लिए नोडल विभाग की भूमिका में कार्य करे। प्रदेश में उत्पादित ऐसे उत्पाद प्रदेश और देश में बिकने के साथ ही भविष्य में निर्यात किए जा सकें, इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। भोपाल हाट और प्रदेश के अन्य स्थानों पर महिला व्यवसायियों के लिए साप्ताहिक महिला हाट में विभिन्न उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि उज्जैन में वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट, जीआई उत्पाद, हस्तशिल्प उत्पाद और अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रचार और बिक्री केलिए वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में यूनिटी मॉल स्थापित किया जाएगा। यह देश में अपनी तरह का प्रथम यूनिटी मॉल होगा। इस संबंध में कार्यवाही प्रचलन में है। इसके साथ ही नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रेप्यूट में प्रवेश पाने वाले हाथकरघा बुनकरों और श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का संकल्प है, इस दिशा में भी कार्यवाही चल रही है।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोना-पत्तल निर्माण जैसे छोटे उद्योगों में पर्यावरण की रक्षा का ध्यान रखते हुए प्लास्टिक के स्थान पर विभिन्न वनस्पतियों से उत्पाद के निर्माण को प्रोत्साहित किया जाए। मूर्ति शिल्पकारों को प्रदेश ही नहीं देश के प्रसिद्ध मूर्ति शिल्पकारों से प्रशिक्षण दिलवाने की व्यवस्था की जाए। प्रदेश के धार्मिक महत्व के स्थानों पर भगवान जी के वस्त्र निर्माण के कार्य के लिए भी स्थानीय व्यक्तियों को दक्ष बनाकर आर्थिक लाभ दिलवाया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग बांस उत्पादकों को प्रोत्साहन देकर अगरबत्ती निर्माण जैसे कुटीर उद्योगों को लाभान्वित करें। उन जिलों में जहाँ बांस उत्पादन कम है, नदियों के किनारे बांस के सघन रोपण और विकास से जल से होने वाले कटाव को रोकने में सहायता मिलेगी, इसके साथ ही बांस उत्पादन का लाभ भी मिलेगा। हैण्डलूम के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आर्थिक लाभ दिलवाया जाए। लाड़ली बहनों को ऐसे कार्यों से जोड़कर उनकी आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर शहद संग्रहण का कार्य होता है, लेकिन शहरों में अनेक पुष्प- नर्सरियां होने के बावजूद इस कार्य के लिए वर्तमान में आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं है। ऐसे स्थानों पर व्यवस्थाएं और सुविधाएं विकसित की जाएं। इन प्रयासों से नागरिकों को अमानक शहद के स्थान पर शुद्ध शहद प्राप्त होगा और शहद संग्राहक भी आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग आवश्यक प्रशिक्षण व्यवस्था करे। बढ़े हुए शहद उत्पादन का विक्रय मृगनयनी और अन्य बिक्री काउंटरों के माध्यम से किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लघु व्यवसायियों को अपने व्यवसाय के उन्नयन के लिए ऋण और अनुदान की अनेक योजनाएं संचालित हैं। विभाग के अधिकारी बैंकों के स्तर पर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के प्रयास भी करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी दिसम्बर माह में कोलकाता में इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर हो रहा है। इसमें प्रदेश के विभिन्न शिल्पों के प्रदर्शन और विक्रय के प्रयास किए जाएं। बैठक में विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि विभाग के अंतर्गत हाथकरघा संचालनालय, रेशम संचालनालय, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, मध्यप्रदेश माटी कला बोर्ड, मध्यप्रदेश राज्य हाथकरघा बुनकर सहकारी संघ जबलपुर, मध्यप्रदेश स्टेट सेरिकल्चर डेवलपमेंट एंड ट्रेडिंग को ऑपरेटिव फेडरेशन और मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक सहकारी संघ कार्य कर रहे हैं। विभाग ने संकल्प पत्र - 2024 के बिन्दुओं पर अमल करते हुए सभी संस्थाओं को सक्रिय किया है।

# स्वस्थ्य समाज से ही देश का सम्पूर्ण विकास संभव है : रामनिवास

## जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में जन औषधि केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**सिंगरौली।** स्वस्थ्य समाज से ही देश का सम्पूर्ण विकास संभव है इस औषधि केन्द्र के खुलने से जिले के आम जन मानस को सस्ते दर पर गुणवत्तायुक्त औषधियां प्राप्त होगी। अब गरीब के लिए दवाओं का क्रय करने अधिक पैसे खर्च नही करने पड़ेगे उक्त आशय का उद्बोधन जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ के अवसर सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह के द्वारा दिया गया।



विदित हो कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह के मुख्य अतिथि एवं नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, पूर्व विधायक राम लल्लू बैस के गरिमामय उपस्थिति में विधिवतर पूजा अर्चन एवं फीता काटकर जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया। वही राज्य स्तरीय समारोह के दौरान आज 51 जिले में जन औषधि केन्द्रो का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा किया गया।उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये विधायक सिंगरौली ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस के अवसर पर जिले के नागरिको को जन औषधि केन्द्र की सौगात मिली है। इस औषधि केन्द्र के माध्यम से जिले के नागरिको को सस्ती दरो पर जीवन रंक्षक दवाएं प्राप्त होगी। उन्होंने इस केन्द्र का कम समय में निर्माण कराकर चालू कराये जाने के लिए कलेक्टर की सराहना की। तथा नेहरू चिकित्सालय सहित अन्य बड़े चिकित्सालयो में भी जन औषधि केन्द्र का संचालन कराये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।वही कलेक्टर श्री शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा देश एक लोक कल्याणकारी देश है जो जनता के कल्याण के लिए सोचता है इसी सोच के केन्द्र सरकार के द्वारा आम जन मानस को गरीबो को गुणवत्तायुक्त दवाओ को सस्ते दर पर मिले इसके लिए केन्द सरकार द्वारा इन औषधि केन्द्रो का संचालन कराया जा रहा है। उन्होने कहाकि जन औषधि केन्द्र में 80 प्रतिशत तक कम दर पर 2 हजार प्रकार की दवाएं तथा 300 प्रकार के सर्जिकल उपकरण मिलेगे। साथ ही केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ जिले के पात्र हितग्राहियो को दिलाये जाने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ट समाजसेवी सुन्दर शाह, पूनम गुप्ता, सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. अरविंद शाह,रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ. डी.के मिश्रा, सदस्य विवेक त्रिपाठी, राजाराम केशरी, मुकुल किशोर, जय प्रकाश दुबे, जीतेन्द सिंह, डॉ. आर.डी द्विवेदी, श्याम बाबू, दिव्यानी शुक्ला, राधा, सुनीता, अर्चन, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

# नंदगांव और गोलाई बस्ती में चल रहा डीजल कटिंग का कारोबार

## प्रतिदिन हजारों लीटर डीजल का हो रहा खेल, पुलिस गश्त में खड़े हो रहे सवाल

सिंगरौली



जिले में स्थित कोल इंडिया की इकाई कंपनी एनसीएल में खदानों को डीजल आपूर्ति में रोजाना हो रहे हजारों लीटर डीजल कटिंग का खेल चल रहा है। पूर्व में एसटीएफ वाराणसी ने खेल में शामिल आधा दर्जन लोगो को गिरफ्तार किया था. वहीं कटिंग में शामिल एक टैंकर और उसकी सहायता में लगे दो अन्य वाहनों को सीज भी किया था। जिसके बाद डीजल कटिंग का काम बंद तो नहीं लेकिन धीरे जरूर हो गया था। लेकिन इन दिनों डीजल माफियाओं ने पुलिस और एसटीएफ की नजरों से बचने के लिए अपना तरीका बदल दिया है।

बता दें कि नवानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदगांव और गोलाई बस्ती में एनसीएल में सप्लाई होने वाले टैंकरों से डीजल चोरी का गोरखधंधा पिछले काफी समय से चल रहा है। सूचना है कि दिन के उजाले में और रात के अंधेरे में प्रतिदिन पांच से एक हजार लीटर डीजल कटिंग की जा रही है। पुलिस प्रसाशन से बेखौफ होकर अवैध कारोबार फल फूल रहा है। लेकिन जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं। नंदगांव और गोलाई बस्ती में एनसीएल में सप्लाई होने वाले टैंकरों से डीजल की कटिंग का खेल खेला जा रहा है। अब सवाल उठ रहा है कि नवानगर और जयंत चौकी क्षेत्र में चल रहे डीजल के अवैध कारोबार किसके संरक्षण में चल रहा है। वहीं पुलिस गश्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नंदगांव में रात भर चलता है खेल

एसटीएफ वाराणसी की डीजल माफियाओं की कार्यवाही के बाद कारोबारी कुछ दिनों तक भूमिगत हो गए थे वहीं एनसीएल अधिकारियों ने डर बस डीजल कटिंग पर रोक लगा दी थी लेकिन अब एक बार फिर भूमिगत डीजल माफिया डीजल कटिंग का खेल शुरू कर दिया है। डीजल कटिंग का कारोबार बेधड़क फल फूल रहा है। वहीं रात में डीजल कटिंग खेल को देख कर पुलिस के गस्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# एनटीपीसी विंध्याचल में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** केन्द्रीय कार्यालय एनटीपीसी एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार एक पौधा माँ के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में एक पौधा माँ के नाम के अंतर्गत नगर अनुरक्षण परिसर मे वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उदेश्य कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना है।कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है और आगे भी इसी तरह इस दिशा में कार्य करती रहेगी। साथ ही उन्होनें उपस्थित सभी लोगो से अधिक से अधिक पेड़ लगा कर पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को हरा-भरा बनाने के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने की अपील की एवं सभी को जागरूक भी किया । इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं एडीएम) आशुतोष सत्पथी, महाप्रबंधक (हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डीके अग्रवाल, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा एवं सभी वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ-साथ सभी कर्मचारियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।



# श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रयास से बीमा प्रीमियम मे मिली छूट : प्रदेश उपाध्यक्ष

## मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की मांग पर सीएम ने प्रीमियम के बढ़े दर मे दी राहत व बढ़ाई तिथि

### प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देश पर पूरे प्रदेश मे डीएम को सौंपा गया था ज्ञापन

सिंगरौली

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन मे गत सप्ताह पूरे प्रदेश मे एक साथ पत्रकार बीमा योजना की बढ़ाई गयी प्रीमियम राशि को माफ करने व रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ाने का मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया था. देश के चौथे स्तम्भ मीडिया साथियो की इस समस्या को वाजिब मानते हुए संवेदनशील मुख्यमंत्री ने ना केवल बीमा योजना की बढ़ाई गयी राशि मे छूट दिया बल्कि रजिस्ट्रेशन की तारीख 20 से बढाकर 25 कर दिया है. मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकारों के हित मे लिए गए अभिनव निर्णय के लिए मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने उनको आभार संप्रेषित किया है।

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के हित मे प्रदेश सरकार का यह निर्णय सराहनीय है. मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकार बीमा योजना की बढ़ी हुई फीस को स्वयं भरने का निर्णय लिया है और रजिस्ट्रेशन की तारीख मे 5 दिन अतिरिक्त दिलवाया है. निश्चित रूप से प्रदेश सरकार के इस अभिनव निर्णय से प्रदेश के सभी अधिमान्य व गैर अधिमान्य पत्रकार साथियो को इसका लाभ मिलेगा. गौरतलब हो की पत्रकार बीमा योजना के तहत प्रदेश के पत्रकारों का मेडिकल बीमा किया जाता है जिसमे कुल प्रीमियम का 50 फीसदी प्रदेश सरकार वहन करती है, लेकिन इस वर्ष बीमा कंपनी ने प्रीमियम दर मे बढ़ोत्तरी कर दी. इसकी जानकारी जैसे ही मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया को जैसे ही लगी वैसे ही उन्होंने बिना समय गवाएं संघ की ओर से पूरे प्रदेश से बीमा प्रीमियम मे छूट व रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ाने की मांग पत्र सौंपावाया. प्रदेश अध्यक्ष की यह मेहनत रंग लायी और मुख्यमंत्री ने मांग को जायज मानते हुए 17 सितम्बर को प्रीमियम की बढ़ी हुई राशि को प्रदेश सरकार द्वारा भरने की जानकारी जन संपर्क पोर्टल पोस्ट किया गया. जिसमे सीएम ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ है और दिन रात एक करके विषम परिस्थितियों मे देश व समाज की सेवा करते हैं. बकौल सी एम बीमा कपनी द्वारा प्रीमियम मे जो बढ़ोतरी की गयी है, उसका भार प्रदेश सरकार उठाएगी।



पत्रकार साथियो से पूर्व वर्ष कि भांति ही प्रीमियम लिया जाएगा. साथ ही रजिस्ट्रेशन की निर्धारित तारीख 20 को भी बढाकर 25 सितम्बर किया है. सीएम के इस निर्णय से पत्रकार साथियो के बीच खुशी का माहौल और मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों सहित अन्य पत्रकार साथियो ने सीएम का आभार जताया है।

## नशे के विरुद्ध मोरवा पुलिस की कार्यवाही

# अवैध कफ सिरप की खेप के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोरवा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर अपराधियों पर नकेल कसी जा रही है। जहां 2 दिन पूर्व ही 135 लीटर अवैध देशी शराब के साथ दो आरोपियों को पड़कर कार्यवाही की गई थी। वहीं आज पुन: एक आरोपी के पास से प्रतिबंधित कफ सिरप की कई शीशियां बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति नशे के अवैध कारोबार में लिप्त है, और वह प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप लेकर आ रहा है। जिसपर थाना प्रभारी द्वारा अतरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी मोरवा कृष्ण कुमार पाण्डेय की सतत निगरानी में एक टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर रवाना किया। जहां सीईटीआई चौराहे के पास से आरोपी विकास वाल्मीकि पिता रवि उर्फ विजय उम्र 20 वर्ष निवासी एनसीएल कॉलोनी गोल चक्कर के पास को पकड़ा गया। पुलिस को उसके पास से 12 सीसी नशीली कफ सिरप ओनरोक्स जप्त कर आरोपी के खिलाफ 696/24 धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट कायम कर न्यायालय में पेश किया गया। अब पुलिस इस कोरेक्स के स्त्रोत की जांच में जुटी है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक राजकुमार त्रिपाठी, एनपी तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक डीएन सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, राहुल चौहान, सुबोध तोमर, आरक्षक सुरेश परस्ते, आकाश पटेल, ऋषि सिंह शामिल थे।



### गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे से विदा हुए गणपति बप्पा

**सिंगरौली।** गणेश महोत्सव के तहत जिले भर में बीते मंगलवार को तमाम जगह से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और नाचते गाते भगवान श्री गणेश को विदा किया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। इस समय भक्तों के आंखों में आंसू भी थे। हजारों भक्तों ने श्रृद्धा और उल्लास के साथ गणपति के दर्शन किए।

# एनटीपीसी विंध्याचल में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर आईटी सीरी म्यूजियम संग्रहालय का किया गया अनावरण

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में भगवान विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर आई टी विभाग के सौजन्य से आईटी गैलरी और सीरी म्यूजियम संग्रहालय का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार द्वारा किया गया। आईटी गैलरी में विश्वकर्मा मंदिर, रोबोट और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट मॉडल जैसे थीम आधारित प्रदर्शनों का रचनात्मक समामेलन है। सीरी संग्रहालय में 5.5 इंच फ्लॉपी ड्राइव, केबल सेट और पेंटियम 1 जैसे घटक प्रदर्शित हैं, जो तकनीकी धरोहर को संरक्षित करते हैं। यह पहल नवाचार और स्थिरता की भावना को दर्शाती है, जो 5 गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और युवा पीढ़ी को प्रेरित करती है इस अवसर पर आई टी विभाग द्वारा कुछ बेहतरीन वेस्ट मटेरियल से निर्मित मॉडल भी प्रस्तुत किए गए, जिसे कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डीके अग्रवाल, महाप्रबंधक (हरित रसायन) सुजय कर्माकर, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) नीरज चतुर्वेदी के साथ-साथ सभी महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



# प्रभारी मंत्री का जिले में आगमन आज

**सिंगरौली।** जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके मंत्री मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का जिले में आगमन आज होगा। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री का 19 सितम्बर को प्रात: 4:55 बजे सिंगरौली जिलें में आगमन एवं सूर्या भवन गेस्ट हाउस एनटीपीसी विन्ध्यनगर के लिए प्रस्थान।



प्रभारी प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक सूर्या भवन में भाजपा जिला प्रंधन कमेटी की बैठक में शामिल होगी। प्रभारी मंत्री दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शासकीय योजनाओ से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेगी। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से शायं 4 बजे तक अटल सामुदायिक भवन बिलौजी आयोजित स्व सहायता समूह की बैठक में शामिल होगी। शायं 4 बजे 5 बजे तक का समय आरंक्षित रहेगा।प्रभारी मंत्री शायं 6 बजे भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारीगणों के साथ भाजपा सदस्यता अभियान सम्पर्क कार्यक्रम में सम्मिलित होगी। रात्रि विश्राम एनटीपीसी गेस्ट हाउस सूर्या भवन विन्ध्यनगर मे करेगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके 20 सितम्बर को प्रात: 10:30 बजे से 11 बजे तक लायंन्स पार्क गनियारी में स्वच्छता ही सेवा अभियान में सम्मिलित होगी।प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 तक अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में स्वच्छता मित्रो एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनो के स्वास्थ्य शिविर में सहभागिता करेगी। दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र में स्वीकृत तालाब एवं जल उद्वाहन कार्य का भूमिपूजन करेगी करेगी। एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र में पौधारोपण करेगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक का समय आरंक्षित रहेगा। प्रभारी मंत्री दोपहर 2 बजे से शायं 4 बजे तक एनटीपीसी गेस्ट हाउस में कोल परियोजना, ओबी परियोजना के अधिकारियो के साथ बैठक आयोजित कर चर्चा करेगी।प्रभारी मंत्री शांय 4 बजे से 5 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बरगवा में छात्र छात्राओ से संवाद करेगी। रात्रि विश्राम सूर्या भवन एनटीपीसी में प्रभारी मंत्री 21 सितम्बर को प्रात: 6:25 बजे सिंगरौली से ट्रेन द्वारा जबलपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

### कलेक्टर ने रिलायंस पावर के सहयोग से बंद पड़े वाटर सप्लाई प्लांट को कराया संचालित

**सिंगरौली।** रिहंद डैम का जल स्तर बड़ जाने के कारण नगर निगम का वाटर प्लांट जो ढोटी में स्थित है जल स्तर के कारण प्लांट के ट्रान्सफार्मर बिजली लाईन की केबिल आदि सेटअप के नीचले तल तक डैम का पानी पहुच गया था। जिसके कारण बैढ़न शहर में पेयजल की सप्लाई ठप्प पड़ गई थी। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को जैसे ही इस आशय की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने तत्काल संभागीय कमिश्नर रीवा से चर्चा उपरांत सोनभद्र कलेक्टर से फोन के माध्यम से चर्चा कर वास्तु स्थिति से अवगत कराया जिसके बादरिहंद डैम पिपरी के तीन गेट खोलने की पहल की गई थी। इसके बावजूद भी भारी वर्षात के कारण डैम का जल स्तर कम नही होने पर कलेक्टर द्वारा ढोटी स्थित प्लांट में पहुचकर रिलायंस पावर के सहयोग से 7.5 हार्सपावर के 5 मोटर पंम्प एवं 90 हार्सपावर के पम्प के माध्यम से बैकवाटर के जरिए प्लांट में पानी की सप्लाई प्रारंभ कराया गया।

# राज्यमंत्री ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान को दिया मूर्तरूप

## जन समूह को राज्यमंत्री ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत परसोहर के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर स्वच्छता अभियान के माध्यम से श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प दिलाया।



इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में सुरू हुये स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश अनेक कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रदेशवासियों ने पूरे उत्साह और जन सहयोग से स्वच्छता के क्षेत्र में नए आयम भी स्थापित किये है। 2022 के स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश को सबसे स्वच्छतम राज्य का दर्जा मिला वही दूसरी ओर प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार 7 वी बार देश के सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया। इसी तरह से हम सबको मिलकर स्वच्छता के रैकिंग में जिले को अव्वल बनाना है। राज्य मंत्री ने कहा कि हमे अपनी आदतो में बदलावा लाना जरूरी है इस वर्ष के स्वच्छता अभियान का एक प्रमुख उद्देश्य स्वाभाव स्वच्छता है। जिसके तहत हमे अपने आस पास के सफाई के साथ अपने मन में स्वच्छता लाने की आवश्यकता है। समारोह के दौरान राज्य मंत्री के द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राज्य मंत्री उपस्थित जन समूह के आग्रह किया वे एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शामिल होकर कम से कम एक पौध जरूर लगाये । राज्य मंत्री ने झाड़ू लगाकर आम लोगो के स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस अवसर पर सरपंच परसोहर श्रीमती जागमती देवी, वरिष्ट समाजसेवी सुरेन्द्र प्रताप सिंह बैस, चन्द्रिका प्रसाद बैस, योगेन्द्र द्विवेदी, शारदा शर्मा, श्रवण बैस, अरूण पाण्डेय, सुग्रीव पाठक, अभय सिंह, राजेश बैस, श्रीमती सुनीता शाह, देव प्रताप, नीतेश बैस, रजनीश बैस सहित आम जन सहित विद्यालय के शिक्षक छात्र गण उपस्थित रहे।

# विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कृत संकल्पित : प्रभारी मंत्री

**हनुमानगढ़ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित**

**प्रभारी मंत्री ने 45 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास**



**सीधी।** सीधी प्रवास के दौरान प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल मंगलवार को हनुमानगढ़ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय चंद्र प्रताप तिवारी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र वितरित किए तथा इसके पूर्व वह प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का काम कर रही है। हमारी सरकार अंत्योदय का ध्येय लेकर कार्य करती है। समाज के सबसे अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य को लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। प्रदेश के गांवों का विकास हो, वह सभी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों का सहजता से मिले यह हमारी जिम्मेदारी है। योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी रखें जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के हितलाभ से वंचित नहीं रहे।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने हरिजन बस्ती में पी.सी.सी. सड़क निर्माण लागत 05 लाख रूपये, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 20 लाख रूपये एवं आदिवासी बस्ती में पंचायत भवन से जोगियान बस्ती तक सुदूर सड़क निर्माण 20 लाख रूपये का शिलान्यास किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा समय-सीमा का ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित जनों से सच्चे मनोभाव से स्वच्छता ही सेवा अभियान में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनाने से हम बीमारियों से दूर रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। स्वच्छता से ही हमारे जीवन में खुशहाली आती है। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन अभियान से जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने उपस्थित लोगों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को अभूतपूर्व समर्थन के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सभी के पक्के आवास के सपने को पूरा करने के लिए बजट में 3 करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रावधान किया है। जल्द ही शेष बचे लोगों के पक्के आवास का सपना पूरा होगा।

पूर्व विधायक शरदेंदु तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों को विस्तार के साथ बताया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास तथा लोगों की मदद के लिए सक्रिय होकर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी शैलेश द्विवेदी, एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, गणमान्य नागरिक देव कुमार सिंह चौहान, के के तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ज्ञापन सौपेगा कल

**सीधी।** मध्यप्रदेश मे आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्रदेश मे स्थाईकर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारियो को 06-07 माह से वेतन का भुगतान नही किया जा रहा है, जिस संबंध मे विभागीय प्रशासन एवं शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाने एवं तत्काल वेतन भुगतान कराये जाने के संबंध मे लघु वेतन कर्मचारी संघ सीधी के अध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्रा, अजय सिंह चौहान, वन विभागीय अध्यक्ष एवं संघ के समस्त पदाधिकारियो द्वारा 20 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम कलेक्टर जिला सीधी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त जानकारी अजय सिंह द्वारा दी गई।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक कल

**सीधी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला शाखा सीधी के अध्यक्ष देवीचरण शर्मा ने बताया है कि एसोसिएशन की बैठक 20 सितम्बर 2024 दिन शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे से सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई है।

## पांचवें दिन हर्रई गांव में लगा मेडिकल कैंप, पंहुचे सांसद



**भुईमाड़।** हर्रई गांव में शनिवार को दो लोगो की डायरिया से मृत्यु हो जाने के बाद लगातार मेडिकल टीम द्वारा कैंप लगाया गया जहाँ एक भी मरीज नहीं मिलें। कैंप में ही सीधी सांसद सांसद राजेश मिश्रा पंहुचे उपस्थित डॉं. ऋषभ गुप्ता से जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉं. व मेडिकल टीम द्वारा लोगों से अपील कर रहे हैं कि पानी उबालकर पीने एवं साफ सफाई के साथ बासी भोजन ना करने का सलाह दे रहे हैं। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ता हर्रई,अमरोला, ज्वारीटोला के साथ अन्य गावों मे घर घर जाकर जरूरत की मेडिकल सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं एवं किसी भी प्रकार की बीमारी होने पर तत्काल दवा लेने एवं हॉस्पिटल जाने की सलाह दे रही हैं।

### मेडिकल टीम के अपील का हो रहा है असर

हर्रई गांव लगातार मेडिकल कैंप लगाकर गांव में दवा वितरण के साथ लोगों से अपील कर रहे हैं कि आप लोग पानी को उबालकर पिएं। बासी भोजन ना करें एवं अवश्य जानकारी दे रहे हैं जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा अपील स्वीकार करते हुए मेडिकल टीम के बातों को मान रहे हैं। जिसका परिणाम है कि जहां लगातार तीन दिनों तक डायरिया के मरीज मिलते रहे लेकिन चौथे दिन और पांचवें दिन एक भी मरीज नहीं आए। जिससे यह कहा जा सकता है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो जागरूकता फैलाई जा रही है वह निश्चित तौर पर उसके परिणाम सही साबित हो रहे हैं।

## राज्य स्तरीय कला-उत्सव में गणेश स्कूल के छात्र का हुआ चयन



**सीधी।** स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव 2024-25 के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पनवार में संपन्न हुई जिलास्तरीय प्रतियोगिता में श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा के कक्षा 10वीं के होनहार छात्र अभिजीत मिश्रा ने तबलावादन एकल में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया है। जिसके आधार पर अभिजीत का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।अब ये आगामी राज्य स्पर्धा में भाग लेकर जिले का गौरव बढ़ाएंगे।छात्र अभिजीत के चयनित होने पर स्कूल के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी, एच.एम माएमा सिमन्स, संगीत शिक्षक अवतार कृष्ण, कला शिक्षक राजकपूर चितेरा, डांस शिक्षिका अंकिता सेन, विश्वास पाण्डेय व सभी शिक्षकों ने प्रशंसा व अभिनंदन करते हुए आगामी राज्य स्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दी।

# स्वच्छता से आती है लक्ष्मी और खुशहाली : डॉ. राजेश

**शरीर, मन और परिसर को रखें स्वच्छ : रीती**

**सांसद विधायक ने लगाई झाड़ू दिया, स्वच्छता का संदेश**



**सीधी।** भारती जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा मना रही है, जिसके अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्थानीय गोपाल दास मंदिर मे झाड़ू लगाकर परिसर की स्वच्छता कर, स्वच्छता का संदेश दिया।

परिसर को स्वच्छ करने के पश्चात सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा पार्टी आयोजित कर रही है। इसके पीछे का उद्देश्य है स्वच्छता का लोग महत्व समझें और जीवन में उतारे। स्वच्छता से ही घर में लक्ष्मी आती है। स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वच्छता के आग्रही थे। स्वच्छ मन, शरीर ,बुद्धि के साथ-साथ अपने आसपास के परिसर को भी स्वच्छ, सुंदर और भव्य बनाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। स्वच्छता से बीमारियां दूर रहती हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, मऊगंज जिला संगठन प्रभारी के के तिवारी, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, अमलेश्वर चतुर्वेदी, सुधीर शुक्ला, विश्व बंधु धर द्विवेदी, अमित प्रधान, सुरेंद्र मणि दुबे, अजीत पाण्डेय, पूनम सोनी, पुन्नू खान, उमाशंकर यादव, पंकज पांडे ,मुनिराज विश्वकर्मा, राकेश सिंह, हीरालाल कोरी, संगीता सिंह, राम सजीवन जायसवाल सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रोली मेमोरियल द्वारा सामग्री वितरण आज

**सीधी।** रोली मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 19 सितम्बर गुरूवार 2024 को बृद्ध व नि:शक्त जन को गुणवक्तायुक्त नि:शुल्क कम्बल, दरी, छड़ी आदि के वितरण का कार्यक्रम प्रात: 9 बजे से रखा गया है। उल्लेखनीय है ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार की सेवा पिछले 20 वर्षों से अनवरत की जा रही है। ट्रस्ट का संकल्प है कि कम से कम 500 से अधिक पात्र ब्यक्तियों को इस प्रकार की उपयोगी सामग्री वितरत की जाय। यदि अधिक हितग्राही आते हैं तो उसकी भी व्यवस्था है।कार्यक्रम मे पधारे सभी आगंतुकों तथा हित ग्राहियों का मुह मीठा कराने की व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट सभी से निवेदन करता है कि कार्यक्रम मे पधार कर सहयोग करें तथा संबल प्रदान करें।

# भारतीय मजदूर संघ ने मनाया विश्वकर्मा जयंती समारोह



**सीधी।** भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति को जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक को भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में विश्वकर्मा जयंती एवं राष्ट्रीय श्रम दिवस का आयोजन बड़े हर्षोउल्लास के साथ सभी पदाधिकारी मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाये। सर्वप्रथम विश्वकर्मा जी प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा श्रम गीत का गायन किया गया। गायन पश्चात सभी पदाधिकारियों का परिचय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डी.पी. दुबे जो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहें। सभी का परिचय लिया। परिचय लेने पश्चात उपस्थित सभी जिला पदाधिकारियों द्वारा अपना-अपना विचार विमर्श रखा। अंत में सिंगरौली से आये मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डी.पी. दुबे द्वारा विश्वकर्मा जयंती एवं राष्ट्रीय श्रम दिवस के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया। तथा संगठन के 70 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर संगठन को और अधिक मजबूत करने के विषय में जानकारी प्रदान की। और प्रत्येक गांव में जाकर अंतिम पंति तक के लोगों को संगठन के बारे में जानकारी देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें जिला अध्यक्ष आनंद तिवारी द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जिले के अध्यक्ष आनंन्द तिवारी, जिलामंत्री दीपनारायण द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष जीतेन्द्र पाण्डेय, भूपेन्द्र सिंह, पवन मिश्रा, सहमंत्री आनंद अकेला, प्रवेन्द्र द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा, कार्यालय मंत्री प्रदीप कुमार साहू, प्रचार मंत्री विकास नारायण तिवारी, अमित तिवारी पतुलखी, रोहित तिवारी, कार्यकारणी सदस्य मनोज मिश्रा, अध्यक्ष गोपद बनास आनंद पटेल, सिहावल दिलीप शुक्ला, रामपुर नैकिन शिवकरण साकेत, सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## मतदान केंद्रों के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

**सीधी।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र 10 सितम्बर के परिपालन में सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत मतदान केन्द्रों के परिवर्तन संशोधन एवं निरसन का प्रस्ताव लिया जाकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष तथा सदस्यों के उपस्थिति में गहन चर्चा की गई।

## गाँधी विद्यालय के छात्रों का राज्य स्तरीय जूडो खेल प्रतियोगिता में हुआ चयन



**सीधी।** रीवा जिला के स्पोर्ट्स कंपलेक्स रीवा में जूडो संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे गांधी विद्यालय के कई खिलाड़ियों ने जूडो में हिस्सा लिया और इनका चयन राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में हुआ जूडो बालिका मिनी अनीशा कुशवाहा, सौम्या सिंह, भूमिका वर्मा, आस्था त्रिपाठी, अनुष्का पटेल, बालिका जूनियर, अंशिका वर्मा कंगना विश्वकर्मा काजल पटेल बालक मिनी अनिरुद्ध प्रसाद द्विवेदी अंश वर्मा इन सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय जूडो खेल प्रतियोगिता में चयनित हुये। इसका अयोजन गुना जिले में दिनांक 20 सितम्बर से 24 सितम्बर तक किया जाएगा। इन सभी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर थोमस तेलेकाट प्राचार्या सिस्टर लिन्सी, वाईस प्राचार्या सिस्टर हेलेना जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.प्रेमलाल मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडे ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा पी टी आई किर्ती सिंह, मोहम्मद अशरफ, आर.बी. सिंह, नुरुस्लाम मंडलिक मिश्रा खेल युवा कल्याण विभाग खेल प्रशिक्षक मनिन्द खान माखन, मिश्र सूरज शुक्ला रोशन जायसवाल गाँधी विद्यालय के पी.टी.आई. मो0 मामून अन्सारी, पी.टी.आई. हेलेन तिर्की एवं विद्यालय के समस्त परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा कल

**ट्रैक्टर वाहन रैली के साथ धरना देकर सौंपा जाएगा ज्ञापन**

**सीधी।** किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने सहित उनकी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई एवं सीधी की प्रभारी श्रीमती कविता पांडे की विशेष उपस्थिति और वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ में कांग्रेस पार्टी 20 सितंबर को दिन 11.00 बजे किसान न्याय यात्रा आयोजित कर रही है जिसमें ट्रैक्टर ऑटो एवं दो पहिया वाहन के साथ किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता दिन 11 बजे जमोड़ी तोरणद्वार से रैली के माध्यम से रवाना होकर नया बस अड्डा कॉलेज रोड होते हुए कलेक्ट्रेट के सामने अंबेडकर चौक पर पहुंचकर धरना देंगे तथा सरकार की नीतियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी ने आग्रह किया है कि कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण पूर्व सांसद पूर्व विधायक जिला पंचायत के सदस्यगण जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यगण नगरीय निकायों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण पूर्व अध्यक्षगण जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस सेवादल एनएसयूआई के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सभी सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारी और सभी बीएलए साथी ज्यादा से ज्यादा तादाद में अपने साथियों सहित कार्यक्रम में पहुंचकर सफल बनाएं।

## नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने किया पदभार ग्रहण

**सीधी।** नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज ने आज जिला पंचायत सीधी कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया तथा अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंशुमन राज वर्ष 2020 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंदिर परिसरों में की गई साफ-सफाई

**सीधी।** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत जिले के सभी जनपद क्षेत्रों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों में युवाओं, महिलाओं तथा नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों द्वारा उत्साह के साथ सहभागिता निभाई जा रही है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ''स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता'' की थीम पर विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। स्वच्छता कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों से स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के सपने को साकार बनाने में योगदान की अपील की जा रही है। स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा अंतर्गत बुधवार को सांसद डॉ राजेश मिश्रा तथा विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक द्वारा अन्य जन के साथ गोपालदास मंदिर परिसर में झाड़ू लगा कर साफ सफाई कार्यक्रम उपरांत कचरे गाड़ी में कचरे को डालते हुए आम जन को स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।

# तहसीलदार पर एफआईआर दर्ज होने पर राजस्व अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



**सीधी।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के आधारताल के तत्कालीन तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर का तेजी से विरोध हो रहा है पूरे मध्य प्रदेश के साथ आज मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ के निर्देश पर सीधी जिले में राजस्व अमले में एसडीएम ,तहसीलदार , नायब तहसीलदार व पटवारी संघ के द्वारा इस कार्यवाही का विरोध किया गया है तथा प्रकरण को निरस्त किए जाने के लिए राजस्व मंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौपा गया है। एसडीएम चुरहट शैलेश द्विवेदी ने बताया गया कि राजस्व विभाग में तहसीलदार व नायब तहसीलदार के द्वारा भूमि संबंधी बंटवारे , नामांतरण सहित अन्य कार्य के आदेश किए जाते हैं जिसमें पक्ष विपक्ष होते हैं यदि कोई पक्ष संतुष्ट नहीं होता तो वह अग्रिम न्यायालय में अपील करता है यह प्रक्रिया में शामिल है किंतु जबलपुर की घटना में अपील भी हुई और उस बंटवारे के प्रकरण को एसडीएम ने खारिज करने के बाद तहसीलदार के विरुद्ध एफआईआर कराया गया है जो काफी निंदनीय है। बताया गया कि किसी भी लोक सेवक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के पूर्व सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होती है किंतु ऐसा नहीं किया गया और आज एक तहसीलदार के ऊपर गलत तरीके से एफआईआर होने के बाद वह जेल में है। यदि निर्धारित समय सीमा में शासन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा अगला कदम उठाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जान्हवी शुक्ला तहसीलदार सीधी , साक्षी गौतम तहसीलदार सिहावल, राकेश शुक्ला तहसीलदार चुरहट, नितिन झोध तहसीलदार रामपुर नैकिन, एकता शुक्ला नायब तहसीलदार , निवेदिता तिवारी नायब तहसीलदार ,इंद्रभान सिंह नायब तहसीलदार ,आशीष मिश्रा नायब तहसीलदार मड़वास सहित अन्य राजस्व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# मौसम से सावधान

मानसून अब जाने को है और जाते-जाते बीमारियों का प्रकोप इस तरह बढ़ गया है कि चिकित्सकों की व्यस्तता बहुत बढ़ गई है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है और अगर समय पर सही इलाज न हो, तो मौसमी बीमारियां भी जानलेवा साबित होती हैं। विशेष रूप से कमजोर रोग प्रतिरोधी क्षमता वाले लोगों को तो मौसमी बीमारियां कुछ ज्यादा ही सताती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि मौसम के साथ तालमेल बिठाकर चलने की परिपाटी पहले से कुछ कमजोर पड़ी है, पर इलाज की सुविधा के बढ़ने से माहौल में बदलाव आया है। वैसे चिकित्सक पूरे मानसून या बरसात के मौसम में सतर्क रहने की सलाह देते हैं। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो कोताही या लापरवाही बरतकर अपनी मुश्किलें बढ़ा लेते हैं। मौसमी बीमारियों से अलग एमपॉक्स भी चिंता की वजह बना हुआ है। एमपॉक्स का एक मरीज अभी भारत में है और उम्मीद करनी चाहिए कि यह बीमारी भारत में न फैले। अफ्रीका में अब तक 100 से ज्यादा लोग इसके कारण मारे गए हैं और खुशखबरी यह है कि एमपॉक्स से बचाव के लिए दुनिया के पहले टीके को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी मंजूरी दे दी है। बरसात और उसमें भी जाती हुई बरसात डेंगू के खतरे को बढ़ा देती है। जगह-जगह जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इस मौसम में एडीज मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है और जब ये मच्छर काटते हैं, तो डेंगू के लक्षण उभर आते हैं। तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, आंखों में पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, शरीर पर दाने और रक्तस्राव का भी खतरा पैदा हो जाता है। पिछले वर्ष देश में डेंगू से 485 लोगों की मौत हुई थी और ढाई लाख से ज्यादा लोगों को इसने परेशान किया था। विशेष रूप से दक्षिण भारत में डेंगू का प्रकोप इस बार ज्यादा है, देश में 32 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, अतः सावधान रहने की जरूरत है। अनावश्यक जलभराव से भी बचने की जरूरत है। मौसमी बीमारियों में चिकनगुनिया भी शामिल है। यह भी मच्छरों से फैलने वाला वायरल रोग है, इसमें भी तेज बुखार, मांसपेशियों व जोड़ों में गंभीर दर्द, सिरदर्द और थकान की शिकायत सामने आती है। चिकनगुनिया के साथ सबसे बुरी बात यह है कि इसका दुष्प्रभाव हफ्तों तक बना रह सकता है। ठीक इसी तरह, मलेरिया के भी मामले इस मौसम में बढ़ जाते हैं। यह भी परजीवी प्लाज्मोडियम और संक्रमित एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है।

**पहले देश की सांस्कृतिक विरासत पर कई आघात हुए। देश के विभाजन के बाद न केवल हिंदू समाज को अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ी बल्कि हमारी महान संस्कृति को भी अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ा। लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वह माहौल बदला। उन्होंने देशवासियों को सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों पर गर्व करना सिखाया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को आम जीवन, विदेश नीति और विकास से जोड़ा, जो देश को न केवल एकसूत्र में पिरोता है बल्कि समाज के सभी वर्गों में समानता का सेतु भी बनाता है। काशी तमिल संगमम और सौराष्ट्र तमिल संगमम के माध्यम से पहली बार प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि सांस्कृतिक विविधता देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में कितनी कारगर साबित हो सकती है।**

# पीएम के नेतृत्व में उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा देश, विकसित भारत का पूरा होगा संकल्प

(स्वामी चिदानन्द सरस्वती)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का शासन संभाले 10 वर्ष पूरे चुके हैं। इस दौरान हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव हुआ है। आजादी के अमृत महोत्सव में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति की दिशा में हुए कार्यों ने देश की सांस्कृतिक विविधता और महान सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित तो किया ही है, साथ ही इसे पूरी दुनिया में प्रतिष्ठित भी किया है। नरेंद्र मोदी का कार्यकाल भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काल है। बीते 10 वर्षों में देश की राजनीतिक संस्कृति में तो बदलाव आया ही है, कार्यसंस्कृति में बदलाव का भी सबने अनुभव किया है। महान संस्कृति और विरासत के प्रति भी लोगों में भाव जागा है जो आजादी के बाद और मोदी सरकार के आने के पहले कहीं खो गया था।

### विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा

आज जनता को विश्वास है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। आजादी के बाद से देश में राजनीति के केंद्र रहे राम मंदिर, तीन तलाक, जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और नागरिकता कानून जैसे तमाम मुद्दों को प्रधानमंत्री ने स्थायी समाधान तक पहुंचाया। मोदी सरकार ने बीते एक दशक में सांस्कृतिक पुनरुत्थान, गरीब कल्याण और वैश्विक सम्मान का नया कीर्तिमान बनाया है।

### सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों पर गर्व करना सिखाया

पहले देश की सांस्कृतिक विरासत पर कई आघात हुए। देश के विभाजन के बाद न केवल हिंदू समाज को अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ी बल्कि हमारी महान संस्कृति को भी अग्निपरीक्षा से गुजरना पड़ा। लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वह माहौल बदला। उन्होंने देशवासियों को सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहरों पर गर्व करना सिखाया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को आम जीवन, विदेश नीति और विकास से जोड़ा, जो देश को न केवल एकसूत्र में पिरोता है बल्कि समाज के सभी वर्गों में समानता का सेतु भी बनाता है। काशी तमिल संगमम और सौराष्ट्र तमिल संगमम के माध्यम से पहली बार प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि सांस्कृतिक विविधता देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में कितनी कारगर साबित हो सकती है। बीते वर्षों में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण, उज्जैन में भव्य श्री महाकाल महालोक का लोकार्पण, अयोध्या में लाखों दीपों से प्रभु श्रीराम की विजय यात्रा का अभिनंदन, 500 वर्ष बाद भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण कार्य, जम्मू-कश्मीर में मंदिरों का जीर्णोद्धार, पावागढ़ में भव्य मंदिर का निर्माण, मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर का निर्माण, बुद्ध सर्किट का निर्माण, जैन सर्किट का निर्माण, सूफी सर्किट का निर्माण और केदारनाथ-बदरीनाथ-सोमनाथ धाम का विकास इसका प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। 1600 वर्ष पुरानी धरोहर नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुत्थान हुआ तो योग एवं आयुर्वेद का भी परचम लहराया। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में नरेंद्र मोदी ने योग को संपूर्ण विश्व के सामने प्रखरता से रखते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तौर पर मान्यता दिलवाई, यह वैश्विक पटल पर भारत की सांस्कृतिक विरासत की सामूहिक स्वीकार्यता का पहला महत्वपूर्ण अवसर था।



### सैकड़ों मंदिरों का कायाकल्प हो रहा

जम्मू-कश्मीर के एक बड़े कालखंड के अंतराल के बाद सैकड़ों मंदिरों का कायाकल्प हो रहा है। श्रीनगर में 700 साल पुराने मंगलेश्वर भैरव मंदिर के जीर्णोद्धार का काम शुरू कर दिया है। अनंतनाग में मार्तंड सूर्य मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है। कुपवाड़ा में मां शारदा देवी मंदिर का उद्घाटन हो चुका है।

### नाम परिवर्तन नहीं भाव परिवर्तन

यह एक विडंबना ही थी कि आजादी के वर्षों बाद भी हम उपनिवेशवादी मानसिकता को ढो रहे थे। कई शहरों, सड़कों, कई महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों और यहां तक कि देश की शिक्षा प्रणाली पर भी उपनिवेशवाद की छाप थी। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलाने का प्रण लेते हुए इस पर कार्य शुरू किया। अंग्रेजों ने किंग जॉर्ज पंचम के सम्मान में इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन को जोड़ने वाली जिस सड़क का नाम किंग्सवे रखा था, उसे बदलकर उसका नाम कर्तव्य पथ कर दिया। भारतीय नौसेना के ध्वज से भी औपनिवेशिक काल के सेंट जॉर्ज क्रॉस को मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की शाही मुहर से प्रेरित प्रतीक से बदला गया, इसी तरह इंडिया गेट से करीब 150 मीटर पर मौजूद कैनोपी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को स्थापित किया गया, जहां पहले किंग जॉर्ज पंचम की मूर्ति हुआ करती थी। इस सबसे आगे बढ़ कर प्रधानमंत्री आवास रेस कोर्स रोड को बदल कर लोक कल्याण मार्ग का नाम दिया गया। ये केवल नाम परिवर्तन नहीं था, बल्कि भाव का परिवर्तन था। मोदी सरकार ने देश को भारतीयता के विचार से ओत-प्रोत नया संसद भवन दिया, जिसमें भारत की महान सभ्यता की विरासत के अंश के तौर पर सेंगोल को स्थापित किया गया। मोदी सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पेश करते हुए भाषाओं के माध्यम से सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा दिया। कोई भी युवा भाषाई जटिलता के कारण तकनीकी शिक्षा से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान रखते हुए नई शिक्षा नीति के तहत कई राज्यों मे इंजिनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा भी हिंदी भाषा में प्रारंभ की जा चुकी है।

### काले कानूनों को हटाया

भारत से अंग्रेजों के जाने के 70 वर्षों बाद भी उनके बनाए गए कानून न्यायालयों में बरकरार रहे। ऐसे कई कानून ब्रिटिश राज में भारतीयों के शोषण के औजार थे। गुलामी के हर प्रतीक को समाप्त करने की दिशा में इस सरकार ने भारतीय न्याय संहिता के रूप में देश को स्वदेशी कानून दिए हैं, जिनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि अपराध रोकना है। आजादी के अमृत काल में सरकार के इन प्रयासों से भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिल रही है। आज देश का युवा अपनी भाषा, संस्कृति और महान विरासत पर गर्व कर रहा है। देश के सांस्कृतिक जागरण के इस महायज्ञ के अग्रदूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और विरासत के साथ आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।
(लेखक प्रसिद्ध धर्मगुरु और ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# मणिपुर में असम रायफल्स को लेकर जारी आंदोलन का सच

(प्रवेश लामा, एसोशिएट एडीटर, एचटी)

**मणिपुर पिछली मई से जातीय हिंसा में जल रहा है। मैतेई को आदिवासी का दर्जा देने के अदालती फैसले (जिस पर रोक लगा दी गई) के खिलाफ आदिवासियों का विरोध-प्रदर्शन (कुकी के नेतृत्व में) जल्द ही दोनों समूहों के बीच जातीय संघर्ष में बदल गया। एन बीरेन सिंह सरकार के मैतेई समर्थक रुख से कोई मदद नहीं मिली और पुलिस बल व नौकरशाही में जातीय विभाजन के बाद माना यही गया कि असम रायफल्स की मौजूदगी ने ही यहां के हालात संभाले हैं।**

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में 22 असम रायफल्स के बटालियन मुख्यालय में सैनिकों ने रवानगी की तैयारी शुरू कर दी है। 20 सितंबर से उनकी जगह सीआरपीएफ के जवान ले लेंगे। जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के मद्देनजर केंद्र ने मणिपुर से 22 और 9 असम रायफल्स बटालियनों को वहां भेजने का आदेश दिया है। इन दोनों बटालियनों में लगभग 2,500 जवान हैं, जो अभी कांगपोकपी और चुराचांदपुर में तैनात हैं। ये दोनों पहाड़ी जिले हैं, जहां कुकी समुदाय की बहुसंख्या है। इन जवानों में से कई अपने नए मिशन को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि ऐसी चुनौतियों के लिए ही उनको प्रशिक्षित किया गया है। मगर एक समस्या भी है।

22 असम रायफल्स बटालियन के मुख्यालय के बाहर करीब 80 कुकी महिलाएं केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ धरने पर बैठ गई हैं। 20 सितंबर तक यह संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि हर घर ने अपनी महिला को यहां भेजने का फैसला किया है। 'कम्युनिटी ऑन ट्राइबल यूनिटी' के बैनर तले महिलाओं ने एलान किया है कि वे गेट को बंद कर देंगी और सैनिकों को जाने नहीं देंगी। उनका मानना है कि असम रायफल्स के जवान ही मैतेई उग्रवादियों से उनकी रक्षा कर सकते हैं। मगर वहां से करीब 45 किलोमीटर दूर मैतेई महिलाओं की मदद से सैकड़ों छात्रों ने इंफाल के काकवा बाजार में भारत-म्यांमार मार्ग को जाम कर दिया है। वे भी धरने पर बैठे हैं, हालांकि उनकी छह मांगों में एक मांग यह है कि असम रायफल्स को मणिपुर से हटाया जाए। उनका कहना है, हिंसा अब भी इसीलिए जारी है, क्योंकि सुरक्षा बल कुकी उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा। इन प्रदर्शनकारियों के मुताबिक, मणिपुर का इतिहास इसका गवाह है कि असम रायफल्स ने हमेशा मैतेई लोगों पर अत्याचार किया है।



मणिपुर पिछली मई से जातीय हिंसा में जल रहा है। मैतेई को आदिवासी का दर्जा देने के अदालती फैसले (जिस पर रोक लगा दी गई) के खिलाफ आदिवासियों का विरोध-प्रदर्शन (कुकी के नेतृत्व में) जल्द ही दोनों समूहों के बीच जातीय संघर्ष में बदल गया। एन बीरेन सिंह सरकार के मैतेई समर्थक रुख से कोई मदद नहीं मिली और पुलिस बल व नौकरशाही में जातीय विभाजन के बाद माना यही गया कि असम रायफल्स की मौजूदगी ने ही यहां के हालात संभाले हैं।

हालांकि, गुरुवार दोपहर असम रायफल्स के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझाया कि एक सैनिक के लिए आदेश-पालन अनिवार्य है और सीआरपीएफ भी उतनी ही सक्षम फोर्स है। मगर महिलाओं ने रोड खाली करने से इनकार कर दिया है। इस आशंका में कि कहीं सैनिक तय समय से पहले न चले जाएं, महिलाओं ने रात भी यहीं बिताने का फैसला किया है। वहां चाय बनाने की व्यवस्था के साथ-साथ बारिश से बचने के लिए टेंट भी लगा दिए गए हैं। इस बीच, इंफाल में भी मैतेई छात्रों ने अपनी मांगें पूरी होने तक कक्षा में न जाने की कसम खाई है, जिसके कारण सरकार को कक्षाएं व परीक्षाएं निलंबित करनी पड़ी हैं। छात्रों ने इस बाबत एक ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा है और अपनी मांगें माने जाने तक प्रदर्शन जारी रखने का एलान किया है।

पिछले 16 महीनों में पहली बार असम रायफल्स को यहां से हटाया जा रहा है। कई नौकरशाह मानते हैं कि विरोध और जवाबी-विरोध की यह पटकथा महीनों पहले लिखी गई थी। उनके मुताबिक, बेशक मणिपुर में असम रायफल्स को लेकर विवाद रहे हैं, लेकिन उसको लेकर इससे पहले इतनी राजनीति कभी नहीं हुई थी। यह सच है कि जम्मू-कश्मीर में सैनिकों की जरूरत है, लेकिन अभी इसको वहां से भेजने का फैसला गलत साबित हो सकता है। हालांकि, असम रायफल्स के एक जवान ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यही एकमात्र सुरक्षा बल है, जिसके साये तले कुकी और मैतेई मिलकर शांति बहाली के लिए काम कर रहे हैं। जब पहली बार यहां हिंसा फैली थी, तब दोनों समुदायों के 20,000 से अधिक लोगों को इसी सुरक्षा बल ने बचाया था। उसके मुताबिक, हम यहां आंतरिक सुरक्षा में लगे हुए हैं और हमारा कोई दुश्मन नहीं है। लिहाजा, यह अच्छा ही है कि हम में से कुछ जवान जम्मू-कश्मीर जा रहे हैं, क्योंकि देश की खातिर लड़ने के लिए वहां एक दुश्मन तो है।

## वर्ग पहेली 5495



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1941 को इस भारतीय अदम्य निर्भीकता वाले पत्रकार ने जन्म लिया था (5)
5. यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है जिसकी स्थापना 12 जून 1829 का हुई थी (2)
6. मास, महिना, तीस दिनों का समय (2)
7. काजल लगा हुआ, अंजनयुक्त (4)
9. शास्त्रीय संगीत में ऋषभ स्वर सूचक शब्द (1)
10. झुका हुआ, प्रणाम करता हुआ (2)
12. बहादुर, सूरमा, योद्धा (2)
15. संतान, वंशज (3)
17. वह जो ब्राहणों से अपने धार्मिक कृत्य करवाता है (4)
19. झूले की पेंग, झूमने का भाव, तरंग (3)
20. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)
22. अपनी इच्छानुसरा काम करने वाला (4)
25. महाभारत के अनुसार यह दुर्योधन का मंत्री था (3)
26. मुस्लिम पद्धति से विवाह करवाने वाला (2)

**ऊपर से नीचे**
1. जो मनुष्य के योग्य न हो, क्रूर (5)
2. आत्मा, जान, प्राण-वायु (2)
3. चसका, सुख-भोग, मनपसंद (2)
4. कारण (अंग्रेजी)(3)
5. नादरूपिणी वाणी, ब्रह्म विद्या (2)
8. बतौर नायिका यह नरगिस की अंतिम फिल्म थी जिसमें प्रदीप कुमार और फिरोजखान भी थे (6)
11. वाद्य बजाने वाला, साजिंदा (3)
13. इस्लामी सातवां महिना (3)
14. श्रवण करना, बर्दाश्त करना (3)
16. ब्रिगेड, दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)
18. किसी की प्रतिष्ठा या इज्जत को हानि पहुंचाना (4)
21. प्रसिद्धि, ख्याति, नाम होना (2)
22. सत्ताइस नक्षत्रों में दसवां जो शिशुमार से लगा हुआ है (2)
23. अवसर, घटना स्थल (2)
24. बड़ी बहन के लिए एक संबोधन, दीदी (2)

### वर्ग पहेली 5494 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ढा | का | | चि | त | रं | ज | न |
| लू | म | | रा | ल | | य | म |
| | न | वा | म | त | | प्र | |
| सी | क | र | | म | | का | श |
| न | र | | | ह | ता | श | |
| | ना | का | | मू | ल | | न |
| पं | | म | द | द | | क | र्म |
| गु | म | ना | म | | सा | र | दा |

# पैरालंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, दिव्यांग खिलाड़ियों ने जीता देशवासियों का दिल

(आदर्श प्रकाश सिंह)

केन्द्र सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित कर रही है। पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वालों को 75 लाख, रजत विजेता को 50 लाख और कांस्य पदक विजेता को 25 लाख रुपये दिए जाएंगे। पेरिस में महिला एथलीटों ने कमाल का प्रदर्शन किया है।

पेरिस पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने भारत का मस्तक ऊंचा कर दिया है। शारीरिक रूप से अक्षम इन खिलाड़ियों पर हमें गर्व होना चाहिए। उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करके उन्होंने कुल 29 पदक जीते हैं जिनमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में भारत 18वें स्थान पर रहा। यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तीन साल पहले टोक्यो में हम 24वें स्थान पर थे। टोक्यो पैरालंपिक खेलों में मिले 19 पदकों का रिकॉर्ड भी इस बार ध्वस्त हो गया। पैरालंपिक में दिव्यांग खिलाड़ी या एथलीट हिस्सा लेते हैं। साधारण परिवार से आने वाले इन खिलाड़ियों के संघर्ष की कहानी सुन कर किसी की भी आंख नम हो जाएगी। किसी के दोनों हाथ नहीं है तो कोई एक कृत्रिम पैर लगा कर दौड़ रहा है। पेरिस पैरालंपिक में भारत की ओर से 84 खिलाड़ी भाग लेने गए थे। इसमें से 23 खिलाड़ी हरियाणा से थे। खेलों में हरियाणा हमेशा अग्रणी रहा है। मुक्केबाजी और कुश्ती में इस राज्य का दबदबा है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि वहां खेलों का बढ़िया ढांचा काम कर रहा है।

केन्द्र सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित कर रही है। पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वालों को 75 लाख, रजत विजेता को 50 लाख और कांस्य पदक विजेता को 25 लाख रुपये दिए जाएंगे। पेरिस में महिला एथलीटों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। भारत के 29 में से 10 पदक बेटियों के नाम रहे। भारत की ओर से इस बार महिलाओं का रिकॉर्ड प्रतिनिधित्व भी रहा। कुल 84 एथलीट के भारतीय दल में 32 महिलाएं थीं। पदक जीतने वाली 10 महिलाओं में तुलसिमति, शीतल देवी, मनीषा रामदास समेत सात एथलीट पहली बार पैरालंपिक में भाग लेने गई थीं।

टोक्यो में स्वर्ण जीतने वाली निशानेबाज अवनि लखेरा और भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने अपने खिताब बचाए हैं। इन दोनों ने पेरिस में भी स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। अवनि लगातार दो स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। राजस्थान की अवनि ने 11 साल की उम्र में कार दुर्घटना में अपने दोनों पैर गंवा दिए थे। साथ ही कमर का निचला हिस्सा लकवाग्रस्त होने से व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ा। इस हादसे से अवनि पूरी तरह टूट चुकी थी। मगर, पिता ने उसका हौसला बढ़ाया और आज वह दो स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला खिलाड़ी है। इसके अलावा भाला फेंक में सुमित अंतिल ने भी लगातार दूसरे पैरालंपिक में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो में स्वर्ण जीतने के बाद प्रधानमंत्री मोदी से वादा किया था कि एक स्वर्ण और जीतूंगा। सुमित ने न केवल अपना वादा निभाया बल्कि पेरिस में जीता हुआ स्वर्ण पदक प्रधानमंत्री के नाम कर दिया।

भाला फेंक में बौने कद (चार फीट चार इंच) के नवदीप सिंह ने भी स्वर्ण पदक जीता है। वह भाला फेंक के एफ 41 वर्ग में देश के पहले चैम्पियन हैं। उनका कहना है, हमें भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए। मैंने भी देश का नाम रोशन किया है। उन्हें अपने गांव में लोगों के तानों का भी सामना करना पड़ा। वह कहते हैं किसी को हमारा मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों को लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। यात्रा सामान्य रूप से लाभप्रद होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। दोपहर के बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष में नया मोड़ आ सकता है।

### वृषभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होने से आपका मन प्रसन्न होगा। साथ ही आपको थोड़ा सावधान रहने की सलाह है। आपकी कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय में व्यापारी से अनबन हो सकती है।

### तुला
आज करियर में सफलता का दिन है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे।

### वृश्चिक
आज दिन शानदार और सफलता से भरा होगा। दूसरों की मदद करने के बाद आपका मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। लेकिन आपको उनकी तरफ ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

### मिथुन
आज करियर में हानि की आशंका है। कोई भी काम काफी सोचकर करें वरना आपका नुकसान हो सकता है। दोपहर के बाद आप बिजनस में किसी नए आइडिया पर काम कर सकते हैं। अच्छे कार्य करने से आपको पुण्य की प्राप्ति होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### कर्क
आज दिन भाग्योदय कारक है। आपके लिए धन की प्राप्ति के शुभ योग बन रहे हैं। जीवनसाथी एवं व्यापार में आपके संबंध बेहतर होंगे और आपको लाभ होगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपको खुशी होगी।

### धनु
आज करियर के मामले में नुकसान होने की आशंका है। आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा। आपके जीवन में अशांति बढ़ सकती है और ऑफिस में लोग आपकी बातों पर ध्यान नहीं देंगे तो इससे आपको तकलीफ होगी। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको अचानक किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन बढ़ सकती है और काफी दौड़भाग हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें।

### सिंह
आज दिन मिश्रित फल देने वाला रहेगा और आपकी अच्छी छवि का निर्माण होगा। आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। अवरोध-विरोध के होने पर भी संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे और भाग्य में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज कन्या राशि के लोगों के लिए दिन भाग्य में वृद्धि का है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले कई दिन से चल रहे विवाद का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लेंगे। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। संतान पक्ष से संतुष्टि और हर्षदायक है। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने रानियां सीट पर पत्रकार सर्वमित्र कंबोज को मैदान में उतारा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा की रानियां सीट पर कांग्रेस ने काफी चौंकाने वाला प्रयोग किया है। राज्य के सिरसा जिले में आने वाली रनियां सीट पर कांग्रेस पार्टी ने दिग्गजों के मुकाबले एक पत्रकार पर दांव खेला है। पार्टी ने पत्रकार सर्वमित्र कंबोज को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा की रानियां सीट पर काफी चौंकाने वाला प्रयोग किया है। राज्य के सिरसा जिले में आने वाली रनियां सीट पर कांग्रेस पार्टी ने दिग्गजों के मुकाबले एक पत्रकार पर दांव खेला है। पार्टी ने पत्रकार सर्वमित्र कंबोज को चुनाव मैदान में उतारा है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से देवीलाल के बेटे और पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के भाई रंजीत सिंह चौटाला जीते थे। इसके बाद उन्होंने बीजेपी को समर्थन दिया था। इस बार भारतीय जनता पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर रंजीत चौटाला फिर निर्दलीय मैदान में उतरे हैं। पार्टी ने इस बार शिशुपाल कंबोज को उतारा है। तो वहीं, दूसरी तरफ यूट्यूब चैनल द मसला के पत्रकार सर्वमित्र कंबोज पर कांग्रेस पार्टी ने दांव खेल दिया है। रनियां क्षेत्र के सियासी दंगल में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने अर्जुन सिंह चौटाला को उतारा है। इनेलो का बसपा से गठबंधन है। अभय सिंह चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला रिश्ते में रंजीत चौटाला के पोते हैं। चौटाला परिवार की फैमिली फाइट के बीच बीजेपी और कांग्रेस ने कंबोज कैंडिडेट उतारे हैं। कांग्रेस ने आश्चर्यचकित करते हुए पत्रकार को उतार कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। सर्वमित्र कंबोज ने पिछले कुछ सालों में पूरे हरियाणा में द मसला यू-ट्यूब चैनल के जरिए अच्छी खासी लोकप्रियता अर्जित की है। अब देखना यह है कि सर्वमित्र कंबोज सियासत के रण में कितनी चुनौती पेश कर पाते हैं।

### आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 26.82 करोड़ रुपये की शराब, मादक पदार्थ जब्त

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए 16 अगस्त को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से कानून प्रवर्तक एजेंसियों ने 26.82 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, शराब और नकदी जब्त की। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को किसी भी तरह के प्रलोभन से प्रभावित होने से रोकने के लिए आयोग सख्त रुख अपना रहा है और विभिन्न एजेंसियां राज्य में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और नकदी की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। अधिकारी ने बताया कि 16 अगस्त से 16 सितंबर तक कुल 26.82 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ और बेहिसाब नकदी जब्त की गई है।

### सीएम विष्णुदेव साय से मिले केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी

**रायपुर , एजेंसी।** राजधानी रायपुर स्थित सीएम आवास में आज केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की. मुख्यमंत्री साय ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी का अपने निवास में स्वागत किया. सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने पर चर्चा : मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की. इस दौरान सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने, दोनों उपक्रमों और राज्य सरकार के मध्य और बेहतर समन्वय से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया. नगरनार अंचल में स्थानीय युवाओं के कौशल उन्नयन के अधिक कार्य किए जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिल सकें. छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री कुमारस्वामी बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट और भिलाई स्टील प्लांट का निरीक्षण करने के बाद आज राजधानी रायपुर पहुंचे. सेल के चेयरमेन अमरेन्दु प्रकाश, एनएमडीसी के सीएमडी अमिताव मुखर्जी, मुख्यमंत्री और खनिज साधन विभाग के सचिव पी.दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजू एस. और राहुल भगत, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता भी इस मुलाकात के दौरान मौजूद रहे।

### मणिपुर के जिरीबाम जिले में गोलीबारी

**इंफाल, एजेंसी।** पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को इंफाल ईस्ट जिले के चानुंग और सी जौलेन गांव में तलाशी अभियान चलाया तथा कुछ हथियार और गोला बारूद बरामद किए। मणिपुर में जिरीबाम जिले के मोंगबुंग मेइती गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मंगलवार शाम करीब सात बजे अत्याधुनिक हथियारों से गोलीबारी की।

# फिर टेंशन में एकनाथ शिंदे सरकार, चुनाव से पहले मनोज जरांगे ने थमाया अल्टीमेटम, छठी बार आमरण अनशन

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को अपने समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। जरांगे का एक साल से अधिक की अवधि में यह छठा अनशन है। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर जालना जिले के अपने पैतृक स्थान अंतरवाली सराटी गांव में मध्य रात्रि से अनशन शुरू किया। अपने आंदोलन से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार पर समुदाय को जानबूझकर आरक्षण नहीं देने का आरोप लगाया और कहा कि मराठा अपनी मांगों को पूरा करने के लिए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'एक और मौका' दे रहे हैं।



उन्होंने सत्तारूढ़ दलों को चेतावनी भी दी कि यदि समुदाय की मांगें पूरी नहीं की गईं तो उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में इसके परिणाम भुगतने होंगे। जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगे सोयरे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है और उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण दिया गया है।

जरांगे ने कहा कि वह यह भी चाहते हैं कि उनके आंदोलन के दौरान मराठा समुदाय के कई सदस्यों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा, मराठा समुदाय मेरे लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन सरकार जानबूझकर आरक्षण नहीं दे रही है। इसके अलावा, वे कहते हैं कि हम राजनीतिक भाषा बोल रहे हैं...मैं अब राजनीतिक भाषा नहीं बोलूंगा, लेकिन यह उप मुख्यमंत्री फडणवीस के लिए एक और मौका है।

उन्होंने कहा, मेरा समुदाय राजनीति में प्रवेश नहीं करना चाहता। सरकार को अध्यादेश पारित करना चाहिए कि मराठा और कुनबी एक ही हैं। 2004 में पारित अध्यादेश में सुधार किया जाना चाहिए। 'रक्त संबंधियों' की अधिसूचना तुरंत लागू की जानी चाहिए। जारी किए गए प्रमाण पत्रों के आधार पर जो भी इसकी मांग करता है, उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए। आंदोलनकारियों पर दर्ज मामले वापस लिए जाने चाहिए।

जरांगे ने कहा कि फडणवीस का समर्थन करने वाले नेताओं को उनसे बात करनी चाहिए। समुदाय देख रहा है कि आरक्षण कौन देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बाद में किसी भी परिणाम के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। पिछले वर्ष एक सितंबर के बाद से यह उनका छठा अनिश्चितकालीन अनशन है। जरांगे ने 'सगे सोयरे (रक्त संबंधी) अधिसूचना के मसौदे पर सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए पूर्ववर्ती हैदराबाद और सतारा रियासतों तथा बॉम्बे प्रेसीडेंसी के दौर के गजट को लागू करने की मांग की।

उन्होंने कहा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी से (शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए) फॉर्म भरने वाले छात्रों को बिना किसी कारण के हटाया जा रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और सामाजिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़ों (एसईबीसी) के लिए सभी तीन विकल्प खुले रखे जाने चाहिए। मराठा समुदाय के उम्मीदवार उनमें से एक का चयन करेंगे।

इस साल फरवरी में महाराष्ट्र विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया था जिसमें शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठों के लिए एक अलग श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया था, लेकिन जरांगे ओबीसी श्रेणी के तहत समुदाय को कोटा देने की अपनी मांग पर अड़े हुए हैं।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उचाना क्षेत्र में दो चौधरियों की साख दांव पर लगी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र बांगर का गढ़ माना जाता है। चौधरियों के बीच ही यहां हर बार मुकाबला होता रहा है। इस बार भी चौटाला परिवार की चौथी पीढ़ी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कांग्रेस की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बीच मुकाबला है।



हरियाणा का उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र बांगर का गढ़ माना जाता है। चौधरियों के बीच ही यहां हर बार मुकाबला होता रहा है। इस बार भी चौटाला परिवार की चौथी पीढ़ी के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कांग्रेस की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह बीच मुकाबला है। भाजपा ने इन दोनों चौधरियों के बीच अपने युवा उम्मीदवार देवेंद्र अत्री को मैदान में उतारकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इसलिए राज्य की उचाना कलां सीट प्रदेश की हॉट सीट बन गई है। वजह, इस सीट पर दुष्यंत चौटाला और बीरेंद्र सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। दुष्यंत चौटाला या बृजेंद्र दोनों में से जो कोई भी हारा उसके परिवार के राजनीतिक भविष्य पर संकट गहरा सकता है। तो वहीं दूसरी तरफ, भाजपा के युवा उम्मीदवार देवेंद्र अत्री के लिए यह स्वर्णिम मौका है। देवेंद्र अत्री अगर इन दोनों दिग्गजों को हराकर जीत हासिल करने में कामयाब रहे, तो वह हरियाणा की राजनीति में एक बड़े चेहरे के रूप में स्थापित हो जाएंगे। इस सीट पर पिछले 15 साल से चौटाला परिवार और बीरेंद्र सिंह के परिवार के बीच ही मुकाबला होता रहा है। दो बार चौटाला परिवार और एक बार बीरेंद्र सिंह का परिवार यहां से चुनाव जीता है। हरियाणा के दिग्गज चौटाला परिवार से पहले बीरेंद्र सिंह यहां से पांच बार विधायक रहे हैं। 2009 में बीरेंद्र सिंह ने हार के बाद चुनाव नहीं लड़ा और अपनी पत्नी प्रेमलता को मैदान में उतारा। भाजपा के टिकट पर प्रेमलता 2014 में यहां से विधायक बन चुकी हैं।

## महाराष्ट्र के भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी, कई लोग गिरफ्तार


**ठाणे , एजेंसी।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में गणपति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी की खबर है। गणपति विसर्जन के दौरान मंगलवार देर रात इलाके की हिंदुस्तानी मस्जिद के पास रखी गई भगवान गणेश की मूर्ति पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे मूर्ति खंडित हो गई। इसके बाद लोगों ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, भीड़ ने एक युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। मूर्ति खंडित को लेकर लोगों की मांग थी कि जब तक पुलिस सभी पत्थरबाजों को नहीं पकड़ लेती, तब तक प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाएगा। घटना की खबर फैलते ही मंडल के कुछ और लोग वहां पहुंच गए और जय श्री राम के नारे लगाने लगे। हालात बिगड़ते देख डीसीपी, एसीपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

मामले को लेकर ठाणे के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण ने बताया कि भिवंडी शहर के वंजारपट्टी नाका स्थित हिंदुस्तानी मस्जिद के बाहर मंडप बनाकर, मोहल्ला मोहल्ला कमेटी और पुलिस बैठकर गणेश मंडल का स्वागत करते थे। यहां कई सालों से हर साल पारंपरिक तरीके से ऐसा होता आ रहा है।

# कर्नाटक बीजेपी में फिर बवाल, येदियुरप्पा के बेटे विजयेंद्र के खिलाफ बगावत; कई सीनियर नेता नाराज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में बीजेपी के भीतर का असंतोष फिर से उभरता दिख रहा है। वरिष्ठ नेता रमेश जारकीहोली ने सोमवार को पार्टी के राज्य अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे उनके नेतृत्व को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जारकीहोली ने आरोप लगाया कि विजयेंद्र की वजह से ही पार्टी को राज्य में भ्रष्ट होने का टैग मिला है। उन्होंने कहा, विजयेंद्र एक जूनियर नेता हैं और हम उनके नेतृत्व के खिलाफ हैं, लेकिन येदियुरप्पा के खिलाफ नहीं हैं।

जारकीहोली के इस बयान के बाद कर्नाटक बीजेपी में फिर से गुटबाजी की खबरें सामने आई हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के छोटे बेटे विजयेंद्र को पिछले साल नवंबर में राज्य बीजेपी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि, तब से ही जारकीहोली, विधायक बसंगौड़ा पाटिल यतनाल और पूर्व मंत्री अरविंद लिम्बावली जैसे कई वरिष्ठ नेता उनके इस पद पर आने से नाखुश हैं। पिछले हफ्ते आरएसएस और बीजेपी नेतृत्व के बीच बैठक में इन मतभेदों को सुलझाने की कोशिश की गई थी लेकिन इसके परिणामस्वरूप कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके अगले ही दिन जारकीहोली और यतनाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात कर कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित घोटाले की व्यापक जांच की मांग की। गुरुवार को आरएसएस नेता मुकुंद और बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष की अध्यक्षता में हुई बैठक में दोनों गुटों के नेताओं को मतभेद भुलाकर आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी करने की सलाह दी गई थी। लेकिन, शुक्रवार को जारकीहोली गुट के नेताओं की राज्यपाल से मुलाकात से जाहिर होता है कि मतभेद अभी भी बरकरार हैं। बता दें विजयेंद्र और जारकीहोली के बीच का विवाद 2019 से चला आ रहा है, जब येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे। उस दौरान दोनों नेताओं के बीच तनाव पैदा हो गया था। बाद में जारकीहोली का एक कथित सेक्स वीडियो सामने आने के बाद उन्हें कैबिनेट से हटा दिया गया था। इस बीच विजयेंद्र ने मंगलवार को कहा कि वे बीजेपी की एकता और राज्य में पार्टी को दोबारा सत्ता में लाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हर चीज को सहन कर रहे हैं और इस दिशा में काम कर रहे हैं।



## राहुल गांधी को आतंकवादी कहने, धमकी देने के खिलाफ केंद्रीय मंत्री समेत चार की पुलिस में शिकायत

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने वाले चार भाजपा नेताओं के खिलाफ कांग्रेस ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जिन नेताओं के खिलाफ शिकायत दी गई है उनमें रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी शामिल हैं। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने बुधवार सुबह दिल्ली के तुगलक रोड थाने में यह शिकायत दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने दिल्ली में पिछले सप्ताह राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी है। माकन के मुताबिक, भाजपा नेता ने कहा था कि राहुल गांधी संभल जाओ नहीं तो आपका भी वही हाल हुआ होगा जो आपकी दादी का हुआ था।



तुगलक रोड पुलिस थाने के बाहर मौजूद अजय माकन ने मीडिया से कहा, हम सभी जानते हैं कि इंदिरा गांधी जी ने अपनी सीने पर 34 गोलियां खाई थीं और शहीद हुई थीं। राजीव गांधी ने शांति वार्ता शुरू की थी, इस वजह से उनके शरीर के चिथड़े उड़ा दिए गए। राहुल गांधी के परिवार ने देश के लिए शहादत दी और आज राहुल गांधी जी को यह कहा जाता है कि आप संभल जाओ वरना आपका भी वही हाल होगा।

माकन का कहना था कि भारत के अंदर राजनीति इससे नीचे नहीं गिर सकती। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने न तो इस बयान की निंदा की, न ही इसके खिलाफ कोई कार्रवाई की। उन्होंने कहा, इसके बाद भाजपा के सहयोगी दल के नेता ने कहा कि जो राहुल गांधी की जुबान काटेगा उसको 11 लाख रुपये मिलेंगे। आपको जिसकी बात अच्छी न लगे, राहुल गांधी की आवाज पसंद नहीं क्योंकि वह वह देश हित की बात करते हैं, गरीबों की, मजदूरों की बात करते हैं। इसीलिए आप उनकी जुबान काटने की धमकी दे रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी भाजपा की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हमारे नेता राहुल गांधी पिछड़ों के, दलितों के, गरीबों के हितों की आवाज को उठाते रहेंगे। अजय माकन ने कहा कि भारत सरकार के एक मंत्री (रवनीत सिंह बिट्टू ) ने राहुल गांधी को इसलिए आतंकवादी कह दिया क्योंकि राहुल गांधी जो बातें बोल रहे हैं, वह उनको पसंद नहीं। इसलिए आज हमने पुलिस में शिकायत दी है, ताकि इन लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। यह सीधे-सीधे जान मारने की धमकी है। कांग्रेस ने चार लोगों के खिलाफ यह शिकायत दी है जिनमें केंद्रीय मंत्री के अलावा दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक, महाराष्ट्र के शिवसेना विधायक और उत्तर प्रदेश के एक मंत्री का नाम है।

## मोहन भागवत बोले- संकटों की ताकत नहीं, जो भारत को मिटा सके

**अलवर , एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत अपने अलवर प्रवास के दौरान मंगलवार को कोटपूतली बहरोड के पावटा के बावड़ी स्थित बालनाथ आश्रम में चल रहे महामृत्युंजय महायज्ञ में शामिल हुए. इस दौरान भागवत ने देश में सुख-शांति, सुरक्षा व प्रगति के लिए यज्ञ मंडप में विधिवत पूजा-अर्चना की. मौके पर उनके साथ क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल भी मौजूद रहे. संघ के प्रांत प्रचारक महेंद्र सिंह मग्गो ने बताया कि इस मौके पर सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए यज्ञ परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है. यज्ञ में बिना किसी भेदभाव व छुआछूत के सर्व हिंदू समाज भाग ले रहा है. उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश पर आने वाले संकटों की ये ताकत नहीं है कि वो भारत को मिटा सके. भारत जमीन मात्र नहीं, भारत के साथ सनातन धर्म है और सनातन धर्म के साथ भारत है. हमारी संस्कृति यज्ञमय संस्कृति है. गरीब और पिछड़े लोगों की उन्नति जरूरी : मोहन भागवत ने बताया कि देश में वृक्षारोपण का बड़ा अभियान चल रहा है, क्योंकि वृक्षों ने हमको दिया है, वो नष्ट नहीं हो, इसलिए पेड़ लगाना चाहिए. उन्होंने कहा कि समाज के गरीब और पिछड़े लोगों की उन्नति के प्रयास करने चाहिए. संघ के शताब्दी वर्ष में व्यक्ति निर्माण के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि बहुत सारे विचार दुनिया में हैं और उनके अनुसार चलने वाले लोग भी इस दुनिया में हैं. वरिष्ठ प्रचारकों के निवास पर पहुंचे संघ प्रमुख : अलवर प्रवास के अंतिम दिन सरसंघचालक मोहन भागवत, रमेश यादव और संघ के वरिष्ठ प्रचारक परमानंद के यहां पहुंचे और परिजनों से आत्मीय परिचय प्राप्त किया. सरसंघचालक ने संघ के वरिष्ठ प्रचारक परमानंद के निवास स्थान पर निर्माणाधीन मंदिर परिसर के बाहर बेलपत्र का पौधा लगाया. इसके बाद भागवत अलवर में आरएसएस कार्यालय पहुंचे और प्रांत स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुए. फिर शाम को ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।



# सीएम चंद्रबाबू नायडू ने बाढ़ पीड़ितों के लिए किया विशेष पैकेज का ऐलान

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि पिछले शासकों की लापरवाही और अनियमितताएं अभिशाप बन गई हैं और अगर समय पर काम पूरा कर लिया होता तो कोई समस्या नहीं होती. एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम नायडू ने कहा, बुदमेरु में दरार के कारण सात दिनों से अधिक समय तक जनता पर बुरा असर पड़ा. यह पहली बार है कि तेलुगु राज्यों में भारी बारिश के कारण कृष्णा नदी का जल प्रवाह बढ़कर 11.3 लाख क्यूसेक से अधिक हो गया. यह उल्लंघन पिछली सरकार द्वारा रख-रखाव की कमी और बुडामेरु पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण हुआ. सत्ता संभालने के 100 दिनों के भीतर, यह बड़ी आपदा सामने आई. स्थिति को नियंत्रण में लाने में 10 दिन लगे. अगर जगन जैसा कोई व्यक्ति सत्ता में होता, तो इसमें छह महीने लग जाते. इस दौरान उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पिछली सरकार ने पंचायत राज विभाग से धन का दुरुपयोग किया और प्राकृतिक आपदा निधि का लेखा-जोखा देने में विफल रही.



**केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता का अनुरोध :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि वह केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता का अनुरोध करने के लिए पत्र लिख रहे हैं. उन्होंने कहा, स्थिति में तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है और इन बाढ़ों के कारण होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए पर्याप्त समर्थन की आवश्यकता है. बुडामेरु में दरारों को बंद करने के हमारे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है.

**सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान :** मुख्यमंत्री ने बताया, हमने स्थिति का विश्लेषण किया है और 32 वार्डों के 179 सचिवालयों में बाढ़ के प्रभाव को दूर करने के लिए हम एक विशेष पैकेज प्रदान कर रहे हैं. हम इन प्रभावित वार्डों में भूतल के निवासियों को 25,000 रुपये का मुआवजा देंगे. पहली मंजिल के निवासियों को 10,000 रुपये मिलेंगे. राज्य के अन्य हिस्सों में, जिनकी संपत्ति जलमग्न हो गई है, उन्हें 10,000 रुपये का एक समान मुआवजा मिलेगा. उन्होंने यह भी बताया कि छोटे कारोबारियों को 25,000 रुपये का मुआवजा मिलेगा. वहीं, 40 लाख रुपये से कम टर्नओवर वाले कारोबारों के लिए जीएसटी की आवश्यकता नहीं होगी, और उन्हें 50,000 रुपये मिलेंगे. 1.5 करोड़ रुपये के कारोबार वाले उद्यमियों को भी 1.5 लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा. सीएम ने कहा कि 71.5 करोड़ रुपये के बीमा दावे दर्ज किए गए हैं, जिनमें से अब तक 6 करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया जा चुका है. ठेला और ऑटो मालिकों को 10,000 रुपये का मुआवजा मिलेगा, और जिन लोगों ने अपने ठेला खो दिए हैं, उन्हें ठेला वितरित किया जाएगा. दोपहिया वाहन मालिकों को 3,000 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा. सीएम नायडू ने आगे कहा कि उन्होंने बैंकों से ग्राउंड फ्लोर के निवासियों को तीन महीने की मोहलत और 36 महीने की चुकौती अवधि के साथ 50,000 रुपये का ऋण देने का अनुरोध किया है।



एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड:

# हरमनप्रीत और पीआर श्रीजेश एफआईएच हॉकी वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं।

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया है। वहीं, पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार के लिए नामित किया है। दोनों ने पेरिस ओलंपिक में भारत के शानदार अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और टीम को कांस्य पदक दिलाया था। कप्तान हरमनप्रीत ने इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल किए थे। वह इस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। इस पुरस्कार की दौड़ में हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैच वालेस (इंग्लैंड) शामिल हैं।

अपने आखिरी टूर्नामेंट में खेलते हुए अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गोलकीपिंग की थी। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया था। वहीं, श्रीजेश का मुकाबला पिरमिन ब्लैक (नीदरलैंड), लुइस कैलजाडो (स्पेन), जीन-पॉल डैनबर्ग (जर्मनी), टॉमस सैंटियागो (अर्जेंटीना) है।

एफआईएच ने अपनी वेबसाइट पर इस सूची को जारी करते हुए कहा-नामांकन हासिल करने वालों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया गया है जिसमें प्रत्येक महाद्वीपीय संघ द्वारा चुने गए खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं। इस सूची को अंतिम रूप देने से पहले विशेषज्ञ समिति को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों के मैच डेटा मुहैया कराए गए थे। इसमें टेस्ट मैच, एफआईएच हॉकी प्रो लीग, एफआईएच हॉकी नेशंस कप, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर और पेरिस ओलंपिक 2024 के मुकाबले शामिल थे।

राष्ट्रीय संघों (उनकी संबंधित राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों और कोचों द्वारा प्रतिनिधित्व), प्रशंसकों, खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और मीडिया के लिए मतदान प्रक्रिया 11 अक्टूबर तक जारी रहेगी। एफआईएच ने आगे कहा- विशेषज्ञ समिति के मतों को 40 प्रतिशत महत्व मिलेगा जबकि राष्ट्रीय संघो, प्रशंसकों एवं अन्य खिलाड़ियों और मीडिया के मतों को 20-20 प्रतिशत महत्व मिलेगा।

# लीजेंड्स लीग में प्रदर्शन के लिए फॉर्म में रहना जरूरी है: रैना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना का मानना है कि लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) जैसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को शीर्ष फॉर्म में रहना होता है। एलएलसी का तीसरा सत्र 20 सितंबर से शुरू होगा जिसमें शिखर धवन और दिनेश कार्तिक जैसे हाल ही में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले खिलाड़ी भी भाग लेंगे। रैना ने कहा कि एलएलसी काफी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है।

आप अलग अलग जगहों पर अलग अलग विकेटों पर खेल रहे हैं। इसमें कई सुपरस्टार हैं। आपको इरफान पठान, युसूफ पठान, क्रिस गेल, अंबाती रायुडू, रॉबिन उथप्पा और मुझे खेलते देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि छक्का लगाने के लिये फिट होना जरूरी है। गेंदबाज को चार अच्छे ओवर डालने हैं। किसी के लिए ऐसी लीग में खेलना आसान नहीं है। ऐसा नहीं है कि आप रिटायर हुए और इसमें खेलने आ गए। अब इसके लिए भी काफी प्रतिस्पर्धा है। रैना ने इस दौरान बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर भी बात की। उन्होंने कोहली की वापसी पर बात करते हुए कहा कि डब्ल्यूटीसी में भारत लगभग 10 मैच खेलेगा और मेरा मानना है कि विराट इस टेस्ट चक्र में ढेर सारे रन बनाएंगे। रैना बोले- टीम इंडिया के रोहित शानदार कप्तान हैं।

उन्होंने इसे तब साबित किया जब भारतीय टीम ने टी2ओ विश्व कप ट्रॉफी जीती। लेकिन ध्यान विराट कोहली की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी पर होगा। उन्हें टेस्ट मैच पसंद हैं और वे उन्हें बहुत सम्मान देते हैं।




# वनडे प्रारूप को अब भी फेवरेट मानते हैं एडम जंपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पिनर एडम ज़म्पा को लगता है कि वनडे क्रिकेट का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। भले ही फ्रेंचाइजी क्रिकेट में वृद्धि हुई है लेकिन ऑस्ट्रेलिया में युवाओं में अभी भी यह प्रारूप लोकप्रिय है। इस साल वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण किया जिसमें देखने को मिला कि टी20 विश्व कप के कारण वनडे विश्व कप की वैल्यू कम हो रही है। सर्वेक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत ने वनडे संस्करण का समर्थन किया, जबकि 35 प्रतिशत ने टी20ई संस्करण को चुना।

ज़म्पा जोकि गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना 100वां वनडे खेलेंगे, ने इसपर कहा कि एकदिवसीय प्रारूप के बारे में बहुत सारे सवाल हैं और यह आगे कैसा दिखता है। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने और उस ड्राइव के संदर्भ में, मुझे लगता है कि आने वाला हर युवा अभी भी सोचता है कि यही सब कुछ है और सब कुछ है। जम्पा ने कहा कि फ्रैंचाइजी क्रिकेट के संदर्भ में स्पष्ट रूप से अन्य अवसर भी हैं और यह अच्छा है कि यह एक संतृप्त बाजार है, लेकिन ये सभी अलग-अलग प्रतियोगिताएं अन्य लोगों को अवसर देती हैं। उन्होंने अपने रुख की पुष्टि की कि टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बजाय ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना उनकी प्राथमिकता है और वनडे क्रिकेट खेलते रहने की इच्छा व्यक्त की। जंपा ने कहा कि भले ही लोग बीबीएल या ब्लास्ट खेले लेकिन उनके लिए देश के लिए खेलना अभी भी प्राथमिकता है।

मुझे नहीं पता कि अगले कुछ वर्षों में क्या होगा। खास तौर पर वनडे प्रारूप के साथ लेकिन मुझे लगता है कि वनडे क्रिकेट अभी भी एक प्राथमिकता है। यह अच्छा प्रारूप है। मैं अब भी इसे खेलने का आनंद लेता हूं, और मुझे लगता है कि बहुत से युवा इसे अपने देश के लिए खेलने का एक अच्छा अवसर मानते हैं। बता दें कि 32 वर्षीय स्पिनर जंपा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2021 टी20 विश्व कप की खिताबी जीत में 13 विकेट लिए थे। 2023 वनडे विश्व कप में उन्होंने 23 विकेट लिए थे। जंपा ने कहा कि अपने देश के लिए खेलने और फिर भी अपने देश के लिए जीतने की भावना फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने और फ्रेंचाइजी क्रिकेट जीतने से बेहतर है।

मैंने हंड्रेड में खेला। यह अच्छा है। मुझे इसे खेलना पसंद था और अंत में जीतना एक बोनस है। लेकिन यह अलग तरह से प्रभाव डालता है, जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, जब आप विश्व कप जीतते हैं, तब भी उनमें और भी बहुत कुछ जीतने की प्रेरणा होती।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बने रिकी पोंटिंग

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को आईपीएल 2025 सीज़न के लिए अपनी टीम का प्रमुख कोच बनाया है। इससे पहले वह



पिछले सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे और दो महीने पहले ही दोनों की राहें जुदा हुई थीं। जानकारी के अनुसार पोंटिंग ने पंजाब किंग्स के साथ एक से अधिक साल का क़रार किया है और अब वह ही अपने कोचिंग स्टाफ़ के अन्य सदस्यों का चयन करेंगे। फ़िलिहाल पंजाब के कोचिंग स्टाफ़ में ट्रेवर बेलिस (मुख्य कोच), संजय बांगर (क्रिकेट सुधार प्रमुख), चार्ल लैंग्वेल्ट (तेज़ गेंदबाज़ी कोच) और सुनील जोशी (स्पिन गेंदबाज़ी कोच) हैं। अब देखना होगा कि इन्हें पोंटिंग की नई टीम में जगह मिलती है या नहीं। पंजाब किंग्स ने 2024 में 9वें स्थान पर अपने अभियान को समाप्त किया था। 2014 से पंजाब किंग्स की टीम प्लेऑफ़ के लिए क्वालिफ़ाई नहीं कर पाई है। पोंटिंग की पहली चुनौती उन खिलाड़ियों का चयन करना होगा, जो इस साल बड़ी नीलामी से पहले रिटेन किए जाएंगे। इसके बाद बड़ी नीलामी उनकी दूसरी चुनौती होगी। शिखर धवन के संन्यास लेने के बाद कप्तान का चुनाव भी पोंटिंग के लिए एक और सिरदर्द होगा।

### कुलदीप यादव पहली बार खेल सकते हैं लगातार 5 टेस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 19 सितंबर से खेले जाने वाले मैच से होगी। भारत की नजरें दो टेस्ट मैच की सीरीज जीतकर घरेलू



सरजमीं पर अपने दबदबे को बरकरार रखने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत करने पर टिकी होंगी। भारतीय क्रिकेट टीम 10 टेस्ट के सीजन की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा, जिससे उसका डब्ल्यूटीसी फाइनल का दावा मजबूत बना रहे। दोनों टीमों के बीच पिछली टेस्ट सीरीज में भारत ने बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया था। चेन्नई की पिच पर भारत को दो स्पिनर्स के रूप में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ खेलने की अनुमति मिल सकती है। बीसीसीआई की घरेलू सीजन में तेज गेंदबाजों को रोटेट करने की योजना को देखते हुए 2-3 संयोजन के साथ बने रहने की संभावना है।

# 400 टेस्ट विकेट हासिल करने के राह पर टिम साउदी



**गॉल, एजेंसी।** न्यूज़ीलैंड के कप्तान टिम साउदी को लगता है कि टेस्ट प्रारूप में 400 विकेट का आंकड़ा छूना आसान नहीं है। 380 विकेट ले चुके साउदी को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 20 विकेट ही चाहिए।

ऐसा कर वह टेस्ट फॉर्मेट में 400 विकेट लेने वाले 18वें और रिचर्ड हेडली के बाद न्यूजीलैंड के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे। हालांकि 35 वर्षीय साउदी को लगता है कि 400 विकेट की उपलब्धि अभी भी उनसे कुछ दौरे दूर है, खासकर एशिया का दौरा, जहां स्पिनर लाल गेंद वाले क्रिकेट पर हावी होने के लिए पसंदीदा हैं।

साउथी ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि हर खेल में आप बाहर जा रहे हैं और अपनी भूमिका निभाने और अपनी टीम के लिए कुछ विकेट लेने की कोशिश कर रहे हैं, और यह अच्छा होगा यदि आप उन मील के पत्थर को हासिल करते हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ, जब आप लंबी अवधि के लिए खेलते हैं, तो मुझे लगता है, आप उसके करीब पहुंचने में सक्षम होते हैं, लेकिन फिर भी 20 विकेट दूर रहने के मतलब अभी आपके सामने बहुत सारे दौरे हैं।

कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024

# दुनिया का सबसे भारी-भरकम क्रिकेटर ने रचा कीर्तिमान



**बारबाडोस, एजेंसी।** वेस्टइंडीज में इस समय कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 की धूम मची हुई है। वेस्टइंडीज ही नहीं दुनियाभर के क्रिकेटर इस लीग में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। इस लीग का 29 अगस्त से आगाज हुआ था जिसमें अब तक 18 मुकाबलें खेले जा चुके हैं।

17 सितंबर को बारबाडोस रॉयल्स और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के बीच केंसिंग्टन ओवल में एक रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसमें एक भारी भरकम गेंदबाज ने इतिहास रच दिया। ये गेंदबाज कोई और नहीं बल्कि वेस्टइंडीज के मशहूर बॉलर रहकीम कॉर्नवाल हैं जिन्होंने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है जो आज से पहले सीपीएल के इतिहास में पहले कभी देखने को नहीं मिला था।

6 फुट 6 इंच लंबे और 140 किलो वजनी रहकीम कॉर्नवाल ने सीपीएल में नया कीर्तिमान बनाया।

### सीपीएल में बना नया इतिहास

दरअसल, बारबाडोस रॉयल्स के गेंदबाज रहकीम कॉर्नवाल ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की और आधी टीम को अकेले ही निपटा दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 16 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए और सीपीएल में नया इतिहास रचा। रहकीम का टी-20 क्रिकेट में ये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

रहकीम कैरेबियन प्रीमियर लीग के इतिहास में 5 विकेट चटकाने वाले दुनिया के 10वें और वेस्टइंडीज के महज चौथे गेंदबाज बन गए हैं।



# पुरुषों के बराबर होगी महिला टी:20 वर्ल्डकप की इनामी राशि

## 134 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई सचिव जय शाह के आईसीसी के चेयरमैन का पद संभालने से पहले ही बदलाव की शुरुआत हो गई है। क्रिकेट की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईसीसी ने मंगलवार को बड़ा ऐलान किया। आईसीसी ने बताया कि अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप की इनामी राशि इस साल हुए पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के बराबर होगी। यह रकम बीते साल हुए महिला वर्ल्ड कप से दोगुनी है। इसे दोनों वर्ग के बीच समानता के तौर पर देखा जा रहा है।

महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में हारने वाली टीम भी मालामाल हो जाएगी। आईसीसी के ऐलान के मुताबिक महिला टी20 वर्ल्ड कप के उपविजेता को अब 17 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 14 करोड़ 24 लाख रुपये) दिए जाएंगे। पिछली बार उपविजेता को पांच लाख अमेरिकी डॉलर (करीब चार करोड़ 18 लाख रुपये) दिए गए थे।

आईसीसी के अनुसार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम को इस बार करीब 19 करोड़ 60 लाख रुपये मिलेंगे। बीते साल साउथ अफ्रीका में खेले गए महिला टी20 विश्व कप जीतने पर करीब आठ करोड़ 37 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई थी। इस तरह से विजेताओं की इनामी राशि में 134 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा की बढ़ाई किस्त यथावत की

## अधिमान्य पत्रकारों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया, आपस में मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की



**पन्ना।** पत्रकार बीमा योजना में बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम की दरों में वृद्धि किए जाने के विरोध में जिला अधिमान्य पत्रकार संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रीमियम की राशि कम किए जाने की मांग की गई थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकारों की मांग को जायज बताते हुए प्रीमियम की दरों में की गई वृद्धि का भार राज्य सरकार उठाएगी पत्रकारों की इस मांग को स्वीकार कर इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं मांगे माने जाने से प्रसन्न पत्रकारों ने एक बैठक की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सांसद विष्णु दत्त शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है और खुशी जाहिर कर आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाई है कहा पत्रकार हमेशा समाज के हित में निस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं यह राशि बहन करने में सक्षम नहीं थे लिहाजत पत्रकारों की इस जायज मांग को सरकार ने स्वीकार कर लिया, एकत्रित होकर अधिमान्य पत्रकारों ने सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है इस दौरान पन्ना अधिमान्य पत्रकार संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार मनीष मिश्रा, शिवकुमार त्रिपाठी, बी एन जोशी बालकृष्ण शर्मा, नईम खान, संजय तिवारी,अनिल तिवारी, अमित खरे, दीपक दिलीप शर्मा, बृज किशोर द्विवेदी सहित प्रमुख रूप से पत्रकारों ने ज्ञापन दिया है

ज्ञात हो कि सरकार द्वारा अधिमान्य और गैर अधिमान्य पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा कराए जाते हैं जिसमें पत्रकारों के हिस्से की राशि में अनुचित वृद्धि की गई थी

जैसे 46 से 55 वर्ष के आयु वर्ग में अधिमान्य पत्रकारों के लिए वर्ष 2023-24 में 4 लाख की कैटेगरी में स्वयं-पति/पत्नी दो संतान एवं माता-पिता के लिए की बीमा किस्त में 11186 रुपए लिए गए थे जबकि इसी कैटेगरी और ऐसी ही स्थिति में इस वर्ष 2024-25 के बीमा हेतु पत्रकारों का हिस्सा 26713 रुपए निर्धारित किया गया था ऐसी ही स्थिति अन्य कैटेगरी और गैर अधिमान्य पत्रकारों के लिए निर्धारित किया गया था करीब ढाई गुना वृद्धि अनुचित थी, अब सभी प्रीमियम पूर्ववत ही लिया जाएगा, शेष वृद्धि की गई राशि सरकार बहन करेगी इसके आदेश मुख्यमंत्री ने जारी कर दिए हैं इसके अलावा साथी पत्रकारों ने मांग की थी

जिला स्तर से जारी होने वाले विज्ञापन और पत्रकारों के अधिकांश हित लाभ बंद कर दिए गए हैं अब विज्ञापन सीधे प्रदेश स्तर से जारी होते हैं जिससे मैदानी स्तर पर काम करने वाले पत्रकारों की आय प्रभावित हुई है सरकार और प्रशासन का मैदानी स्तर पर सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाना चाहिए इसी तरह रेल यात्रा के दौरान 50 फ़ीसदी कंसेशन दिया जाता था जो कोरोना के समय बंद कर दिया गया आज तक बहाल नहीं हुआ है यात्रा कंसेशन बहाल कराया जाए।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में किया गया विश्वकर्मा जयंती का आयोजन



**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान स्वामी विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एवं स्वामी विवेकानंद औद्योगिक प्रशिक्षण निजी संस्थान के समीप तत्वाधान में भगवान विश्वकर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज नारायण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अरविंद सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आईटीआई प्राचार्य धीरज सेन आदि के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मॉं सरस्वती एवं भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यपर्ण के साथ किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्य एवं शिक्षको द्वारा अतिथियों का माल्यपर्ण के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए मुख्य अतिथि राजनारायण सिंह ने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा ने संसार के निर्माण की सृष्टी की है, तत्पश्चात् डॉ अरविंद सिंह द्वारा विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में बताया गया कि, हिंदू धर्मशास्त्र के अनुसार, जहां एक तरफ ब्रह्मा जी ने इस संसार की रचना की, वहीं भगवान विश्वकर्मा ने इस संसार को सुंदर बनाने का काम किया. इसी श्रद्धा भाव से किसी कार्य के निर्माण और सृजन से जुड़े हुए लोग विश्वकर्मा जयंती के दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं. पौराणिक मान्याताओं के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा ही थे जिन्होनें रावण की लंका, भगवान कृष्ण की द्वारिका और महाभारत काल में इंद्रप्रस्थ का निर्माण किया था। छात्र-छात्राओं द्वारा लोकगीत भाषण प्रस्तुत किए गए एवं कार्यक्रम के अंत में आईटीआई के प्राचार्य धीरज कुमार सेन द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जिले में 1020.9 मिमी दर्ज की गई औसत वर्षा, गत वर्ष से 59.5 मिमी अधिक

**पन्ना।** पन्ना जिले में इस वर्ष एक जून से 17 सितम्बर की अवधि में 1020.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। यह गत वर्ष उक्त अवधि में दर्ज औसत वर्षा से 59.5 मिमी अधिक है। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 945.7 मिमी, देवेन्द्रनगर में 700.8 मिमी, गुनौर में 781.3 मिमी, अमानगंज में 1148 मिमी, पवई में 1440 मिमी, सिमरिया में 1208.1 मिमी, शाहनगर में 993.7 मिमी, रैपुरा में 1154.3 मिमी और अजयगढ़ में 815.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# बृहस्पति कुंड में डूबने से मेडिकल छात्र की मौत

## एक दिन बाद मिला शव



**पन्ना।** जिले के बृजपुर थाना अंतर्गत बृहस्पतिकुंड प्राकृतिक जलप्रपात में 16 सितंबर को पैर फिसलने से डूबे मेडिकल छात्र का दूसरे दिन एसडीआरएफ टीम द्वारा शव बरामद किया है। ज्ञात हो कि दिनांक 16 सितंबर 2024 को उत्तर प्रदेश से लगभग बारह जो मेडिकल कालेज के छात्र थें, पिकनिक मनाने के लिए बृहस्पतिकुंड पहुंचे थे, इसी दौरान उत्कर्ष तिवारी उम्र लगभग 20 वर्ष का पैर फिसलने से वह पानी में डूबने लगा एक अन्य युवक उत्कर्ष को बचाने के लिए पहुंचा लेकिन वह भी डूबने लगा जिससे वह अपना बचाव करते हुए वापस निकल आया लेकिन उत्कर्ष तिवारी नहीं बच सका, घटना की सूचना तत्काल स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बृजपुर थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी द्वारा विभाग के वरिष्ट अधिकारी तथा जिला प्रशासन को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही कलेक्टर के निर्देश पर होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एसबी पाण्डेय के मार्गदर्शन में एवं प्लाटून कमांडर सतपाल जैन के नेतृत्व में रात में ही एसडीईआरएफ टीम बृहस्पति कुंड पहुंच गई, तथा रेस्क्यू अभीयान प्रारंभ किया गया। लेकिन 16 सितम्बर को शव बरामद नही हुआ, दूसरे दिन म्रतक का शव बरामद किया गया। उक्त घटना से पीड़ित परिवार की हालत खराब है, एक दिन पूर्व पन्द्रह सितम्बर को अजयगढ तहसील के धवारी बांध में भी दो मेडिकल कालेज के छात्रो की बांध मे डूबने से मौत हो गई थी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री जन्मदिवस पर किया फल वितरण, युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

**पन्ना।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस पन्ना जिले में भी भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया तथा इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिला अस्पताल में मरीजो तथा उनके परिजनों को फल वितरित किये गये। तत्पश्चात् युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ द्वारा जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया गया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, दुर्गेश शिवहरे, भाष्कर पान्डेय, शसांक वर्मा, सचिन अरजरिया, अंकित रैकवार, ध्रुव चौबे, विनोद तिवारी, बालमुकुन्द गौतम, कुलदीप सिंह, शुभम राजपूत, शिवेन्द्र कुमार, सजेन्द्र दहायत, भानू यादव, धमेन्द्र पान्डेय, मनोज चौधरी आदि शामिल रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का नगर पालिका द्वारा किया गया शुभारंभ



**पन्ना।** नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा स्वतच्छता ही सेवा अभीयान कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय जगतनाथ स्वामी जी टाऊन हॉल में किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उडिसा से किया गया तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा उज्जैन से किया गया। जिसका सीधा प्रसारण नगर पालिका के तत्वाधान में टाउन हाल में उपस्थित लोगो को दिखाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका पन्ना के सफाई कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसके पश्चात श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत बैनीसागर तालाब के किनारे चिन्हित किये गये ब्लेक स्पोट की साफ-सफाई तथा ''एक पेड़ मॉं के नाम'' अभियान अंतर्गत गॉंधी चौक में पौधारोपड़ के साथ किया गया एवं पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवासो में ग्रह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डे, उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गड़पाले, सहित अधिकारी-कर्मचारीगण व पार्षद उपस्थित रहें।

## जन अभियान वॉलंटियर्स ने भी निभाई सहभागिता

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार आगामी 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान में विभिन्न विभागों सहित जनअभियान परिषद के वॉलंटियर्स ने भी सक्रिय सहभागिता कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रम हुए। आगामी दिनों में भी स्वच्छता पखवाड़े की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जनअभियान परिषद पन्ना के जिला समन्वयक आनंद पाण्डेय ने बताया कि आज टाउन हॉल पन्ना में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम पर आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में जनअभियान के 124 वॉलंटियर्स भी उपस्थित रहे।

# शिविर में दिव्यांग जनों को मिला लाभ



**पन्ना।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया जाता है। गत जून माह में जिले के समस्त विकासखण्ड में अनुमापन शिविर आयोजित कर 89 दिव्यांगजन को विभिन्न प्रकार के 115 उपकरणों के लिए चिन्हांकित किया गया था।

उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि मंलगवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर विकासखण्डवार शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों को लाभ प्रदान किया गया है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के 15 अस्थिबाधितों को बैटरी चलित ट्राईसिकिल, 30 अस्थिबाधितों को हस्तचलित ट्राईसिकिल तथा 11 श्रवणबाधितों को कान की मशीनों का नि:शुल्क वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त एडिप योजना के अधिकृत सहायक उत्पादन केन्द्र एलिम्को जबलपुर के तकनीकी दल के सहयोग से अन्य 59 दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। विकासखण्ड मुख्यालय पर आयोजित शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मान कर निर्धारित सामग्री का वितरण किया गया।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से जीजा-साले की मौत

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत राम वन गमन पथ मार्ग पर अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि प्रमोद आर्य पुत्र ओमप्रकाश आर्य 35 वर्ष, निवासी पतेरी, थाना सिविल लाइन, अपने साले मणिराज चौधरी पुत्र अच्छेलाल चौधरी 26 वर्ष, निवासी घूरडांग थाना कोलगवां, के साथ मंगलवार सुबह विश्वकर्मा पूजा के लिए घर से निकल गया था।

# भाजपा नेता अमित सिंह की माता का दुखद निधन



**पन्ना।** पन्ना शहर के गांधी चौक आगरा मोहल्ला निवासी इंजीनियर राजेंद्र सिंह परमार की धर्मपत्नी श्रीमती राजेंद्र कुमारी सिंह का उपचार के दौरान विगत दिवस जिला चिकित्सालय पन्ना में दुखद निधन हो गया है। श्रीमती सिंह 73 वर्ष की थी। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नेता अमित सिंह की माता जी थी। श्रीमती सिंह काफी समय से बीमार चल रही थी और उनका इलाज झांसी व सतना में चल रहा था। विगत दिनांक 15 सितंबर की शाम उनकी हालत अचानक बिगड़ने पर जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती कराया गया। जहां पर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप द्विवेदी सहित अन्य चिकित्सकों ने काफी प्रयास किया लेकिन श्रीमती सिंह की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और उन्होंने अंतिम सांस ली। जैसे ही पन्ना नगर वासियों एवं उनके गृह ग्राम डहर्रा पवाइया जानकारी पहुंची पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। श्रीमती सिंह का गत दिवस 16 सितंबर की दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती सिंह, डॉक्टर देवेंद्र सिंह परमार की अनुज वधु पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह परमार, व सुरेन्द्र सिंह परमार की भावी जी थी। उनके निधन हो जाने पर शहर के गणमान्य नागरिक, राजनेताओं, पत्रकारों समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी की मनाई गई जयंती



**पन्ना।** मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 99वीं जयंती जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दीपक तिवारी के संयोजन में उनके निवास स्थान पर मनाई गई। उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी गणमान्य जनों ने श्री तिवारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपक तिवारी ने मध्य प्रदेश के विकास में उनके योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि उनका जीवन विंध्य प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनका नाम सदैव लिया जाएगा क्योंकि जो संघर्ष की राजनीति उनके द्वारा की गई है वह हमेशा स्मरणीय रहेगी। श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी का पन्ना जिले से बहुत लगाव रहा है। विधानसभा अध्यक्ष रहते एवं उसके बाद कई बार वह यहां के दौरे पर आए जिले के जो भी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पहुंचे उनके पास से वह कभी निराश होकर नहीं लौटे। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से पंडित दिनेश गंगेले, मनीष मिश्रा, बी एन जोशी, सुनील अवस्थी, शशीकांत दिक्षित, सौरभ पटेरिया, रमन दीक्षित, श्रीमती आस्था तिवारी, हीरालाल विश्वकर्मा, जितेंद्र पाठक, रियासत खान, राजेश कुशवाहा, आसिफ खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम बड़गड़ी खुर्द में पोषण जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया



**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आज ग्राम बड़गड़ी खुर्द में पोषण जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को मोटे अनाज मक्का, कोंदो, ज्वार बाजरा, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मेथी, पालक, बथुआ, नोनियां इत्यादि की भाजी, करोंदा, कैथा, आंवला की चटनी, मूली, टमाटर आदि की सलाद तथा परंपरागत बुन्देली व्यंजन जैसे डुबरी, महेरी, मुर्का, चीला को भोजन में शामिल करने की सलाह दी गई। इसके अलावा व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों, गर्भवती माताओं तथा किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और हितग्राहियों को दवा वितरित कर विशेष परामर्श भी प्रदान किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा अन्य सभी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अनूप सोनी, संबंधित एएनएम, परिक्षेत्र पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा हितग्राही उपस्थित रहे।

# शव पहुंचाने के लिए जननी एक्सप्रेस का चालक ले रहा था रुपये, वीडियो वायरल हुआ तो सीएमएचओ ने किया बर्खास्त

**मैहर।** इंटरनेट मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद सतना कलेक्टर ने सीमा को मामले की सच्चाई पता लगाने की बात कही। घटना की जानकारी होते ही सीएमएचओ डॉ एलके तिवारी ने जननी एक्सप्रेस में तैनात चालक से पीड़ित परिवार को न केवल रुपये वापस की कराए बल्कि तत्काल प्रभाव से उक्त चालक की सेवाएं समाप्त कर दीं।

सीएमएचओ सतना ने बताया कि मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र के ग्राम झिन्ना की एक प्रसूता को प्रसव के लिए सतना जिला अस्पताल लाया गया था। यहां उसने बच्चे को जन्म तो दिया लेकिन नवजात की मौत हो गई। अस्पताल से प्रसूता और मृत नवजात को झिन्ना ले जाने के लिए वाहन की तलाश शुरू हुई तो एक एंबुलेंस चालक समय लाल साकेत तैयार हो गया। सौदेबाजी की और 2500 रुपये में उन्हें ले जाने को राजी हो गया। एंबुलेंस चालक ने झिन्ना पहुंचकर जब पैसे लिए। इसके बाद वहां किसी व्यक्ति ने रुपये लेते और गिनते हुए ड्राइवर का वीडियो बना लिया, जिसे अब इंटरनेट मीडिया में वायरल कर दिया।

सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी ने भी इस पर संज्ञान लिया। सीएमएचओ ने जननी और एंबुलेंस सेवा से संबंधित सुपरवाइजर को निर्देश देकर वसूली गई रकम वापस कराई। एंबुलेंस चालक समय लाल साकेत को भी बर्खास्त कर दिया गया है।

एंबुलेंस के चालक ने मृतक के परिजनों से अवैध वसूली की ये मामला तो है ही पर सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि प्रसूताओं के लिए चलने वाली जननी एक्सप्रेस में आखिर शव परिवहन कैसे किया गया? गाड़ी बुक कैसे हो गई और किस तरीके से किस-किस को कहां गुमराह किया गया? इन सभी बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है।

108 हो या जननी,दोनों हैं तो एक ही पर दोनों में ही डेडबॉडी का परिवहन नहीं हो सकता है। जननी अस्पताल से प्रसूता के लिए बुक हुई थी पर प्रसूता ने जिस नवजात को जन्म दिया था उसकी मौत हो गई थी उसके शव को ही पहुंचाने जननी चालक समय लाल ने ढ़ाई हजार रुपये वसूल लिए। अवैध वसूली के इस मामले में चालक को हटा दिया गया है। लगातार आ रही शिकायतों और जननी में शव परिवहन को लेकर सच्चाई क्या थी। इस पर सीएमएचओ आउट-सोर्स परिवहन संस्था के सुपरवाइजर से जवाब भी तलब किया है।

